# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025





विकास चौबे ▶▶| बिलासपुर

# नौ साल की उम्र में सड़क हादसे से कटा दायां हाथ ऐसा हौसला कि 5 सालों में जीत लिए 23 मैडल

खेल दिवस

9 साल की उम्र में एक सड़क घटना के बाद दायां हाथ काटना पड़ा। इसके बाद तो लगा जैसे की जिंदगी थम गई और अब कुछ बचा ही नहीं है। हौसला लेकिन बोल रहा था कि अभी तो कुछ कर गुजरने की बारी है। इसी जिद, जुनून और हौसले ने व्हीलचेयर तलवारबाजी की खिलाड़ी स्वाति साहू को पिछले 5 सालों में 23 नेशनल मैडल पदक जीतने में मदद की। यही नहीं अभाव से लड़कर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच पर मुकाम बनाने वाली स्वाति साहू को मुख्यमंत्री खेल अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है और अब इस साल के राज्य सरकार द्वारा दिए जाने ▶▶| शेष पेज 7 पर

### हैदराबाद के साई एकेडमी के लिए चयनित

स्वाति ने लेकिन हार नहीं मानी। माता सरस्वती साहू और पिता रामखिलावन साहू ने हिम्मत दिया तो स्वाति ने भी कुछ कर गुजरने की ठान ली। सबसे पहले उसने ताइक्वांडो और कराते खेलना शुरू किया। दोनों खेलों में स्वाति ने निशक्त नहीं बल्कि सामान्य वर्ग के खिलाड़ियों के साथ प्रतियोगिता की और कई मैच जीते। राज्य ▶▶| शेष पेज 7 पर

- नि:शक्त खिलाड़ी स्वाति को मुख्यमंत्री खेल अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है
- इस साल के शहीद विनोद चौबे खेल सम्मान के लिए भी इस खिलाड़ी का नाम नामांकित हुआ है



हादसे के बाद भी लक्ष्य पर डटी रही स्वाति

### कर्ज और लोन लेकर कराया इलाज

*अक्टूबर 2016 में जब स्वाति का एक्सीडेंट हुआ और हाथ काटना पड़ा, उस दौरान उसके इलाज में लगभग 5 लाख का खर्चा आया था। गरीब मां-बाप के लिए इतना पैसा एक साथ जमा करना काफी मुश्किल था। बेटी का जीवन बचाने के लिए लेकिन अभिभवाकों ने पड़ोसियों और पहचान के लोगों से कर्जा लिया। इसके साथ ही एक निजी बैंक से लोन भी लिया गया। कुछ खिलाड़ियों ने भी सहयोग किया और करीब 2 महीने के इलाज के बाद स्वाति सकुशल घर लौट सकी।*

### स्कूल ने नहीं दिया साथ प्राइवेट परीक्षा देगी

सबसे विडंबना वाली बात यह रही कि स्वाति ने अपने खेल के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमाया लेकिन बेहतराई शासकीय स्कूल ने उसका साथ नहीं निभाया। दरअसल लगातार खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के कारण स्वाति नियमित कक्षाएं अटेंड नहीं कर पा रही थी तो स्कूल ने उसे टीसी थमा कर निकाल दिया। स्कूल का कहना था कि नियमित के तौर ▶▶| शेष पेज 7 पर


आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹74877/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹91450/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹99826/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels
Pandri, Raipur







## ऐसा है आंकलन...दंतेवाड़ा 1070, सुकमा 900, बीजापुर 400 एवं बस्तर में 300 हेक्टेयर क्षेत्र में नुकसान

# बस्तर की बाढ़ से पुल-पुलिये, मकान ही नहीं फसल भी तबाह, 5000 हेक्टेयर में भरा पानी



*बस्तर में बारिश ने 94 साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। हफ्तेभर में चार जिलों में पानी ने जमकर कहर बरपाया है। मकान, पुल-पुलिये ही नहीं डूबे हैं, बल्कि 5000 हेक्टेयर की फसल भी तबाह हो चुकी है। यह इलाका जलमग्न हो चुका है। बस्तर संभाग के चार जिलों दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और बस्तर की प्रारंभिक पड़ताल में यह आंकड़ा सामने आया है। सर्वेक्षण पूरा होते ही वास्तविक डाटा से सही स्थिति सामने आएगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा समेत दक्षिणी इलाकों में बाढ़ से तबाही का मंजर स्पष्ट नजर आ रहा है। सैकड़ों मकान ध्वस्त हो चुके हैं। राहत शिविरों में 3000 से ज्यादा लोगों को रुकवाया गया है। इलाके में ऐसी बारिश 94 साल पहले हुई थी। बारिश अभी थमी है, पर नदी-नालों का ऊफान खतरनाक संकेत दे रहे हैं। फसलों की बात करें तो सर्वेक्षण किया जा रहा है।

कृषि विभाग के संयुक्त संचालक महादेव ध्रुव ने संभाग के सभी जिला के कृषि अधिकारियों को नुकसान का सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार बस्तर संभाग में लाभग 5000 हेक्टेयर रकबा क्षेत्र में धान फसल को भारी नुकसान हुआ है। हालांकि अधिकांश जिलों में सर्वेक्षण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। बताया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खेतों में बाढ़ का पानी नहीं उतरा है। केवल दंतेवाड़ा ▶▶| शेष पेज 7 पर



गरुड़ कमांडो ने बचाई 22 जिंदगी



### सर्वेक्षण पूरा होने के बाद वास्तविक स्थिति मिल पाएगी

*बस्तर में भारी बारिश और बाढ़ के बाद संभाग के सभी सातों जिलों में फसल नुकसान का सर्वेक्षण कार्य के निर्देश दिए गए है। केवल दंतेवाड़ा से मिले नुकसान के आंकड़े आए हैं। यहां 1070 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल नुकसान का अनुमान है। सभी जिलों से डाटा मिलने के बाद वास्तविक स्थिति का पता चल पाएगा।*

*महादेव ध्रुव, संयुक्त संचालक कृषि विभाग जगदलपुर*

## बेघर पहुंचे शिविरों में कुछ मार्ग खुले, पर नदी नाले अब भी डरा रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/बीजापुर

दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले में बारिश ने कहर बरपाया। लगातार हुई बारिश से जहां पुल-पुलिया बह गए। वहीं कच्चे मकान धराशायी होकर जमींदोज हो गए। विदेश से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश के बाद तीनों जिलों के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप राहत पहुंचाने और नुकसान का आंकलन करने मौके पर पहुंचे। वहीं दंतेवाड़ा विधायक ▶▶| शेष पेज 7 पर

### बाढ़ प्रभावितों की हर संभव मदद करें : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के प्रत्येक बाढ़ प्रभावित परिवार तक हर संभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की पीड़ा को शीघ्र कम करना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।



उन्होंने कहा कि लोगों को यह महसूस होना चाहिए कि संकट की इस घड़ी में प्रशासन उनके साथ मजबूती से खड़ा है। मुख्यमंत्री ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित जिलों बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा के कलेक्टरों व वरिष्ठ अधिकारियों ▶▶| शेष पेज 7 पर

## खबर संक्षेप

### रेलवे बोर्ड अध्यक्ष सतीश का कार्यकाल बढ़ा

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। उनका कार्यकाल 31 अगस्त, 2025 को समाप्त होने वाला था।



मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार के कार्यकाल को एक सितंबर 2025 से एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर पुनर्नियुक्ति पर, मौजूदा नियम और शर्तों पर या अगले आदेश तक विस्तार देने को मंजूरी दे दी है।

### दो करोड़ की हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश में चंदौली जिले की मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को 120 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में दो करोड़ रुपए बताई जाती है। इसे वह राजस्थान से लेकर यहां पहुंचा था। उसके हाथ लगी हेरोइन की आपूर्ति गाजीपुर जिले के जमनिया में की जानी थी। गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। टीम वहां पहुंची तो मानसरोवर पोखरे के पास एक व्यक्ति झोला लिए हुए खड़ा दिखा।

### आग से ओल्ड लंदन हाउस राख, बुजुर्ग की मौत

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल में डेढ़ सौ साल से ज्यादा पुराने 'ओल्ड लंदन हाउस' में भीषण आग लगने के कारण झुलसकर एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी। घटना में जान गंवाने वाली महिला प्रसिद्ध इतिहासकार और पर्यावरणविद डॉ. अजय रावत की बहन थीं। इस इमारत में बुधवार रात आग लग गयी जिस पर अग्निशमन सेवा, पुलिस, वायुसेना फायर टेंडर एवं अन्य बचाव दलों की मदद से कई घंटे बाद रात करीब दो बजे काबू पाया जा सका।



## प्राइवेट ब्रेवरेज को शराब आपूर्ति में 114 करोड़ का मुनाफा, सिंडीकेट में बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





झारखंड में शराब घोटाला के आरोप में रांची जेल में बंद ओम साईं ब्रेवरेज कार्पोरेशन के डायरेक्टर अतुल सिंह तथा मुकेश मनचंदा को जमानत मिलने के बाद ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को एसीबी, ईओडब्लू की टीम गुरुवार देर रात रायपुर पहुंची। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने ईओडब्लू, एसीबी की टीम पुलिस रिमांड के लिए आवेदन पेश कर सकती है। राज्य में शराब आपूर्ति करने तीन कंपनियों को एफएल 10-ए का लाइसेंस मिला था। उनमें ओम साईं ब्रेवरेज कार्पोरेशन के साथ नेक्सजेन पॉवर इंजीटेक प्राइवेट लिमिटेड तथा दिशीता वेंचर्स के नाम शामिल हैं। आरोप है कि ओम साईं ब्रेवरेज कार्पोरेशन के दोनों डायरेक्टर ने राजनीतिक प्रेरित व्यक्ति विजय कुमार भाटिया को हिडन लाभार्थी बनाया था। कंपनी के लाभ का 60% हिस्सा शराब घोटाला सिंडिकेट से जुड़े लोगों को देने के बाद 40% हिस्से में 52% विजय भाटिया को जाता था। विजय भाटिया ने अपने लोगों को कंपनी में डमी डायरेक्टर बनाया और ▶▶| शेष पेज 7 पर

- डायरेक्टर समेत दो झारखंड में गिरफ्तार देर रात रायपुर लाए गए आरोपी

### ओम साईं को 784 करोड़ का भुगतान

एफएल 10-ए का लाइसेंस हालिस कर शराब आपूर्ति करने वाली कंपनी ओम साईं ब्रेवरेज कार्पोरेशन को सीएसएमसीएल द्वारा शराब खरीदने 784 करोड़ 51 लाख रुपए से ज्यादा का भुगतान किया गया। इनके द्वारा शराब विनिर्माता कंपनियों को शराब खरीदने के एवज में 556 करोड़ 31 लाख 76 हजार रुपए का भुगतान किया गया। इस तरह ओम साईं ब्रेवरेज को 114 करोड़ रुपए से ज्यादा का मुनाफा हुआ।

केरल में वीडियो कॉल के माध्यम से वारदात

## दंपति को 'डिजिटल अरेस्ट' कर 2.4 करोड़ की ठगी

**कासरगोड।** केरल में कासरगोड जिले के कान्हागड में 11 दिन तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखे जाने के बाद साइबर धोखेबाजों ने एक बुजुर्ग दंपति से 2.4 करोड़ रुपये की ठगी की। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। 'डिजिटल अरेस्ट' में साइबर अपराधी फर्जी सरकारी अधिकारी बनकर ▶▶| शेष पेज 7 पर



### चार लेन-देन में दिए 2.4 करोड़

उन्होंने कहा कि 19 से 21 अगस्त के बीच, दंपति ने निर्देशानुसार चार लेन-देन में 2.4 करोड़ रुपए हस्तांतरित कर दिए। कासरगोड साइबर पुलिस ने 22 अगस्त को भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 316(4) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66(डी) के तहत मामला दर्ज किया।

## 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद मिली सफलता

# बीमार होने पर भगवान से नाराज युवक ने एक के बाद एक 20 मंदिरों में की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में एक ऐसा चोर पुलिस की गिरफ्त में आया है, जो भगवान से नाराजगी निकालने के लिए उन्हीं के घर (मंदिर) को टारगेट करके चोरी करता था। चोर को एचआईवी एड्स नामक संक्रमण है। इसके लिए वो भगवान को जिम्मेदार मानता था और प्रतिशोध लेने के लिए मंदिरों में चोरी करता था। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि जिले में पिछले कुछ महीनों से लगातार मंदिरों में चोरी की घटनाएं बढ़ गई थीं। एसएसपी विजय अग्रवाल ने इसके लिए एसीसीयू और अलग-अलग थानों की पुलिस को मिलाकर एक टीम बनाई। टीम ने चोर को पकड़ने के लिए लगभग 500 से ▶▶| शेष पेज 7 पर



### कहा, गलत काम नहीं किया फिर उसे ये बीमारी क्यों

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने जीवन में कभी भी गलत कार्य नहीं किया। इसके बाद भी उसे एड्स जैसी लाइलाज बीमारी हुई। इसके लिए वो भगवान से काफी नाराज था। 2011-12 में वो मारपीट के एक मामले में जेल गया था। जेल में उसकी मुलाकात एक चोर से हुई। उसने कहा कि भगवान से बदला लेना है ▶▶| शेष पेज 7 पर

## नो पार्किंग एरिया की निगरानी करने लगाए जाएंगे कैमरे

# 26 ब्लैक स्पॉट, 243 हादसे, 258 की मौत, अब तीसरी आंख से निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

जिले के 26 ब्लैक स्पॉट जहां सबसे ज्यादा एक्सीडेंट होते हैं, उन जगहों की निगरानी करने 80 पाइंट्स की निगरानी अब आईटीएमएस के तहत सीसीटीवी कैमरे से की जाएगी। चिन्हांकित स्थानों पर जो कैमरे लगाए जाएंगे, उनमें स्पीड गवर्नर कैमरे के साथ नो पार्किंग एरिया को कैमरे से लैस किया जाएगा। इससे तय लिमिट से ज्यादा रफ्तार में वाहन चलाने वालों के साथ नो पार्किंग में वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ कैमरे से मिले फूटेज के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। जिन 26 स्थानों पर कैमरे लगाए जाने हैं, उनमें 23 ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकोग्नाइजेशन (एएनपीआर), 7 स्पीड वायलेंस, 9 रांग साइड तथा 41 नो पार्किंग स्थान पर कैमरे लगाए जाएंगे। ब्लैक स्पॉट में जो कैमरे ▶▶| शेष पेज 7 पर



### जल्द लगाए जाएंगे कैमरे

ब्लैक स्पॉट पर हादसे रोकने सोमवार को परिवहन सचिव के साथ बैठक हुई है। बैठक में ब्लैक स्पॉट पर जगह चिन्हांकित कर कैमरा लगाने का निर्णय लिया गया है। चिन्हांकित जगहों पर जल्द ही कैमरे लगाए जाएंगे।

- डॉ. प्रशांत शुक्ला, एएसपी ट्रैफिक

### ऑनलाइन कटेगा चालान

जिन ब्लैक स्पॉट पर कैमरे लगाए जा रहे हैं, वो सभी कैमरे आईटीएमएस के सर्वर से जुड़े होंगे। ब्लैक स्पॉट में लगे कैमरे की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। कैमरा से मिले फूटेज के आधार पर ट्रैफिक पुलिस नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन के मालिक के पास ऑनलाइन चालान काटकर भेजेगी। इससे ब्लैक स्पॉट में ट्रैफिक नियम के उल्लंघन के साथ एक्सीडेंट पर अंकुश लगने का दावा ट्रैफिक पुलिस के अफसर कर रहे हैं।

### तीन साल में ढाई सौ से ज्यादा लोगों की मौत

पिछले तीन वर्षों में 2022 से 2024 में इन ब्लैक स्पॉट पर 243 एक्सीडेंट हुए हैं। एक्सीडेंट में मरने वालों का आंकड़ा 258 है। एक्सीडेंट का कारण रांग साइड वाहन चलाने के साथ नो पार्किंग में वाहन पार्क करना है। बल की कमी की वजह से इन ब्लैक स्पॉट पर मैनुअली पेट्रोलिंग नहीं हो पाती। इस वजह से इन स्थानों पर एक्सीडेंट रोकने कैमरे से नजर रखी जाएगी।



# गरियाबंद में जहरीले सांपों की शोभायात्रा, ऋषि पंचमी पर देवरी गांव में अनोखी परंपरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के देवरी गांव में ऋषि पंचमी पर सांपों की शोभायात्रा सांकरा समाज ने निकाली। सांपों के पूजन के बाद जंगल में छोड़ा गया। शोभायात्रा को देखने के लिए आसपास के हजारों लोग पहुंचे।

अलग खबर

आमतौर पर सांप का नाम सुनते ही लोग डर के मारे सहम जाते हैं, लेकिन यहां ग्रामीण जहरीले सांपों को न सिर्फ सुरक्षित पकड़ते हैं, बल्कि उनका पूजन-अर्चन कर गाजे-बाजे के साथ पूरे गांव में शोभायात्रा भी निकालते हैं। हर साल की तरह इस बार भी सांवरा समाज ने यह अनोखी परंपरा निभाई। खेत-खलिहानों और घरों में दिखने वाले जहरीले सांपों को ग्रामीण पहले सावधानीपूर्वक पकड़ते हैं, फिर ऋषि पंचमी के दिन पूरे विधि-विधान से पूजा कर उन्हें सजाकर जुलूस में निकालते हैं। खास बात यह है कि शोभायात्रा के दौरान हजारों की भीड़ उमड़ती है, लेकिन कभी किसी अनहोनी की घटना नहीं घटी। पूजन के बाद सभी सांपों को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया जाता है। ग्रामीणों का मानना है कि यह परंपरा सांपों के प्रति आस्था के साथ-साथ वन्यजीव संरक्षण का भी संदेश देती है। यही वजह है कि वर्षों से यह अद्भुत आयोजन बिना किसी बाधा के चलता आ रहा है और देखने वालों को रोमांचित कर देता है। लोगों का मानना है कि इस परंपरा के पीछे श्रद्धा और आस्था के साथ ही सांपों को संरक्षण देने का संदेश भी छिपा है।

## आसपास के हजारों लोग पहुंचे, पूजन-अर्चन के बाद जंगल में छोड़ा

### सांपों को पकड़ना सिखाया जाता है

गांव में सांवरा गुरु पाठशाला इस परंपरा का मुख्य केंद्र है। यहां युवाओं को सांपों को सुरक्षित तरीके से पकड़ना और उनका संरक्षण करना सिखाया जाता है।



### सर्पदंश की एक भी घटना नहीं हुई

ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। गांव-गांव से पहुंचे लोग पूजा-अर्चना करने के साथ ही शोभायात्रा का स्वागत करते हैं। खास बात यह है कि अब तक इस आयोजन के दौरान किसी भी व्यक्ति के साथ सर्पदंश की अनहोनी घटना नहीं घटी है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षादूत की नक्सलियों ने की हत्या



**कोंटा।** विकासखंड के जगरगुण्डा थाना क्षेत्र के एक शिक्षादूत को नक्सलियों ने मौत के घाट उतार दिया है। नक्सलियों ने इस वारदात को बुधवार रात साढ़े सात बजे अंजाम दिया। बताया जा रहा कि शिक्षादूत लक्ष्मण बारसे ग्राम मट्टीमरका में अपनी सेवा दे रहा था। लक्ष्मण बारसे पिता सोमलू का उम्र लगभग 30 वर्ष था। इनका मूल ग्राम पेगड़ापल्ली थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर बताया गया है। माओवादियों द्वारा वारदात को अंजाम देते वक्त बीच बचाव में आए परिजनों के साथ भी मारपीट करने की जानकारी मिली है। घटना के संबंध में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जगरगुंडा पुलिस कर रही है। मुखबिरी का लगाया आरोप प्रारंभिक जानकारी अनुसार मुखबिर का आरोप लगाता हुए इस वारदात को अंजाम देने की बात कही जा रही है । ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी अनेक शिक्षादूतों को नक्सलियों ने मुखबिर का आरोप लगाते हुए मौत के घाट उतार चुके है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।

### करंट लगने से ठेकेदार के कर्मचारी की मौत



**गिधौरी।** विद्युत विभाग डिविजन गिधौरी के अंतर्गत ठेकेदार का कर्मचारी संत प्रधान पिता मिट्टू प्रधान 37 वर्ष ग्राम कुम्हारी निवासी ग्राम नवीन अमलीडीह में विद्युत ट्रांसफार्मर सुधार कार्य कर रहा था, दौरान करंट के चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह ग्राम नवीन अमलीडीह में ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना पर ठेकेदार ने अपने कर्मचारी संत प्रधान एवं उनके साथी सुनील पिता दशरथ को विद्युत सुधार कार्य के लिए ग्राम नवीन अमलीडीह भेजा था। विद्युत खंभे पर चढ़कर संत प्रधान फाल्ट देख रहा था कि अचानक हाथ बुस पर पड़ गया और करंट के चपेट में आने से युवक बेहोशी के हालत से जमीन के नीचे गिर गया।आनन-फानन में ग्रामीणों ने लाइनमैन ओमप्रकाश को बुलाया और संत प्रधान को एम्बुलेंस से बिलाईगढ़ अस्पताल ले जाया गया,जहां डाक्टरों ने संत प्रधान को जांचकर मृत घोषित कर दिया।

## आधा दर्जन से ज्यादा निगम, मंडल, पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की बची है नियुक्ति

# 31 को आएंगे नितिन नवीन, निगम, मंडल आयोग में बचे पदों पर नियुक्ति की आस जागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



खास खबर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन 31 अगस्त को यहां पर प्रदेश भाजपा संगठन की बड़ी बैठक लेने के लिए आ रहे हैं। इसी के साथ भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश भी आएंगे। भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के आगमन को लेकर भाजपा के वे नेता उत्साहित हैं, जिनको निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में बचे पदों पर नियुक्ति का इंतजार है। इन नेताओं की आस जाग गई है। संभावना है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विदेश प्रवास से लौटने के बाद नियुक्तियां होंगी।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की कार्यकारिणी का तो ऐलान हो गया है, लेकिन अभी कार्यसमिति के सदस्य तय नहीं हुए हैं। इनका भी तय किया जाना बचा है। मंत्रिमंडल का विस्तार भी हो गया है। अब सबकी नजरें निगम, मंडल, आयोग में बची नियुक्तियों पर है। प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल और आयोग में दो अप्रैल में 36 पदों पर जिन भाजपा नेताओं को नियुक्ति किया, उनमें से आधा दर्जन के पदों में पेंच फंसा था। इसमें से चार पदों का पेंच सुलझाने के लिए एक संशोधित दूसरी सूची जारी करके तीन अध्यक्षों और एक उपाध्यक्ष को दूसरे पदों पर नियुक्त किया गया। केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष को छोड़कर बाकी सबने पदभार भी संभाल लिया है।

अब जिन नेताओं को पद नहीं मिल सके हैं, उनको भी निगम, मंडल, आयोग में कुर्सी पाने के लिए ज्यादा इंतजार करना नहीं पड़ेगा। संभावना है कि इसकी सूची जल्द जारी होगी।

### मंत्री का दर्जा मिलने का इंतजार

प्रदेश भाजपा ने जिन 34 निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में 36 नेताओं की नियुक्ति दो अप्रैल को की है, उनमें तीन उपाध्यक्ष और बाकी अध्यक्ष हैं। एक उपाध्यक्ष गौरीशंकर श्रीवास ने तो पद लेने से इनकार कर दिया है। जो विभिन्न निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में 33 नेताओं की अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हुई है, उनको अभी राज्य या कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलने का इंतजार है।

### इनमें नियुक्ति अभी बाकी

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, फिल्म विकास निगम, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन का 31 अगस्त को रायपुर आगमन हो रहा है। ऐसे में संभावना है निगम, मंडल, आयोग में बचीन नियुक्तियों पर अंतिम फैसला हो सकता है।

# भुईंया सॉफ्टवेयर हैक कर सरकारी जमीन का फर्जी खसरा नंबर बना बटांकन, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



राजस्व महकमें बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। भुइंया एप हैक कर पटवारी की आईडी से सरकारी जमीन को निजी बताकर फर्जी खसरा नंबर तैयार किया गया। उसके बाद उस जमीन का बटांकन कर लोन लिया गया। मामले में नंदिनी पुलिस ने अपराध दर्ज कर सेक्टर-5 निवासी नन्द किशोर साहू को गिरफ्तार किया है। सूत्रों की मानें तो इस फर्जीवाड़े में करीब 765 एकड़ सरकारी जमीन अलग-अलग लोगों के नाम कर दी गई, जिसकी जांच जारी है। करीब दो महीने पहले आईडी हैक की गई। यह हैकिंग किसने की इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने बताया कि पटवारी हल्का नम्बर 16 के ग्राम अछोटी एवं मुरमुंदा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग के भुइंया ऑफ्टवेयर को अज्ञात आरोपियों ने पहले हैक किया, फिर फर्जी तरीके से भारतीय स्टेट बैंक शाखा नंदिनी नगर से 36 लाख रुपए का लोन आहरण किया। रकम निकालने वाले आरोपी दिनू राम यादव निवासी सुंदर नगर वार्ड सिलतरा रायपुर व एसराम निवासी अछोटी ने यह पूरा षड़यंत्र रचा। मूल खसरा नम्बर के रकबा में कूटरचित तरीके से नए खसरा नम्बर का बटांकन कर नया खसरा सृजित गया। मुख्य आरोपी दिनू राम यादव ने बैंक के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से बैंक से रुपए निकाले। उक्त रकम को विभिन्न खातो में हस्तांतरित किया। 20,26,547 रुपए को नन्द किशोर साहू के खाते में ट्रांसफर किया गया।

### जमीन फर्जीवाड़ा को लेकर बड़ा सिंडिकेट कर रहा था काम

पता चला है कि जमीन फर्जीवाड़ा को लेकर एक पूरा सिंडिकेट काम कर रहा था। मामले में जल्द ही कई बड़े नाम सामने आने की संभावना है। पुलिस ने बताया कि दिनूराम यादव ने 25 जून 2025 को एसबीआई नंदनी टाउनशिप ब्रांच से 46 लाख का लोन लिया था। 2 जुलाई को एक अन्य व्यक्ति ने कुम्हारी ब्रांच से 36 लाख रुपए का लोन लिया है। मामला संभाग आयुक्त के पास पहुंचा तो एसडीएम ने भुइंया एप में गड़बड़ी सुधारी। इसके बाद मामले में एफआईआर हुई। मुरमुंदा पटवारी हल्का के चार गांवों में यह फर्जीवाड़ा हुआ। मुरमुंदा में 75 हेक्टेयर सरकारी और 22 हेक्टेयर निजी जमीन का फर्जीवाड़ा किया गया है। अछोटी में 45.304 हेक्टेयर सरकारी और 27.087 हेक्टेयर निजी जमीन पर कब्जा किया गया है।

# डेढ़ हजार बच्चों को परीक्षा परिणाम का इंतजार, कॉलेजों में दाखिला बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



नई शिक्षा प्रणाली के तहत अब प्रदेश में भी माध्यमिक शिक्षा मंडल साल में दो बार 10वीं एवं 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा आयोजित कर रहा है। जुलाई महीने में दूसरी बार आयोजित परीक्षा में जिले से 12वीं कक्षा के करीबन डेढ़ हजार बच्चे शामिल हुए थे। इन बच्चों को अब भी अपने परीक्षा परिणाम का इंतजार है। बच्चे बेहतर परिणाम आने पर अच्छे कॉलेजों में प्रवेश का सपना देख रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदेशभर के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में दाखिले की प्रक्रिया बंद कर दी गई है, जिस पोर्टल के जरिये यह प्रक्रिया होती है, वह पिछले 14 अगस्त से बंद है। ऐसे में परीक्षा पास करने के बाद भी बच्चों को दाखिले के लिए भटकना पड़ेगा। हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि प्रदेश स्तर से इसको लेकर कोई सकारात्मक पहल की जा सकती है, लेकिन यदि पोर्टल को दोबारा शुरू नहीं किया जाता है तो इन बच्चों को अपना पूरा साल बर्बाद करना पड़ सकता है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के अधिकांश कॉलेजों में सीट खाली रह गई है। खासकर निजी कॉलेजों में दाखिले बेहद कम हुए हैं।

**14 तक चला पोर्टलः** प्रदेशभर के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए अब ऑनलाइन प्रणाली से ही आवेदन लिए जाते हैं। प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार पोर्टल में अंतिम अवसर दाखिले के लिए 14 अगस्त तक दिए गए थे। इसके बाद से इसकी अवधि नहीं बढ़ाई गई है। हालांकि पिछले साल अवधि में कुछ विस्तार किया गया था।

# एंबुलेंस नहीं मिलने पर कैंसर पीड़िता की मौत, परिवार को मिलेगा 3 लाख का मुआवजा

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन में कैंसर पीड़ित महिला को एंबुलेंस नहीं मिलने के मामले में हाईकोर्ट ने 3 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है, इसमें 1 लाख रुपए रेलवे और 2 लाख रुपए राज्य शासन को देना है। आदेश देने के साथ ही कोर्ट ने याचिका निराकृत कर दी। गुरुवार को रेलवे की ओर से एक लाख रुपए की राशि जमा कर दी गई। बुढ़ार एमपी निवासी 62 वर्षीय कैंसर पीड़ित महिला 18 मार्च 2025 को अपने परिजनों के साथ ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल कोच में रायपुर से बिलासपुर आ रही थी। उसे बिलासपुर में ट्रेन बदल कर बुढ़ार जाना था। इसी बीच उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। ट्रेन के बिलासपुर पहुंचने पर इसकी जानकारी महिला के परिजन ने रेल कर्मचारियों को दी। महिला यात्री की स्थिति खराब होने की सूचना पर जनरल कोच में स्ट्रेचर भेजा गया। यहां कुलियों ने स्ट्रेचर में रख कर महिला को गेट के बाहर लाकर छोड़ दिया। एक घंटे बाद एम्बुलेंस आई और मरीज की मौत हो जाने पर उसने ले जाने से इंकार कर दिया। बाद में परिजन दूसरे वाहन की व्यवस्था कर उसे ले गए।

### मुफ्त की योजनाएं हैं, फिर भी सुविधाएं नहीं

चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने पिछली सुनवाई के दौरान व्यवस्था सुधार के लिए क्या किया जा रहा है। पूरी जानकारी प्रस्तुत करने कहा था। यह बताने भी कहा कि इमरजेंसी में एंबुलेंस सुविधा आखिर उपलब्ध क्यों नहीं हो पाती। राज्य सरकार की मुफ्त की योजनाएं हैं, फिर भी लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कोर्ट ने राज्य शासन और रेलवे को शपथपत्र देने कहा था। सुनवाई के दौरान रेलवे की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने जवाब दिया कि रेलवे की ओर से स्टाफ भेजा गया था, पर वहां कोई नहीं मिला। वहीं राज्य शासन की ओर से भी एंबुलेस सुविधा के संबन्ध में जानकारी दी गई।







# हाईकोर्ट में चल रही थी सुनवाई, इसी दौरान 5 दिन पहले हाईटेंशन तार से झुलसे मजदूर की आई मौत की खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

रेलवे के कोचिंग डिपो में ओएचई तार की करंट से झुलसे श्रमिक की मौत हो गई है। इस हादसे के बाद पिछले पांच दिनों से अपोलो अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। दूसरी तरफ रेलवे प्रशासन और ठेकेदार से मदद नहीं मिलने से नाराज परिजनों ने डीआरएम ऑफिस के सामने धरना-प्रदर्शन भी किया और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। उन्होंने मदद नहीं मिलने पर अब उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। इधर हाईकोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए गुरुवार को रेलवे जीएम और रेलवे डीआरएम को आनलाइन तलब किया था। उस दौरान मजदूर की मौत की सूचना नहीं आई थी। इस हादसे में श्रमिक की मौत के बाद परिवार की जिंदगी पूरी तरह बदल गई है। पिछले 5 दिनों से उसका इलाज चल रहा था लेकिन, रेलवे प्रशासन और ठेकेदार ने अब तक प्रताप बर्मन और उसके परिवार को किसी तरह से आर्थिक सहायता नहीं दी है। इसके चलते रेलवे प्रशासन और ठेकेदार के खिलाफ आक्रोश भड़क गया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि हादसे में बुरी तरह से झुलसे श्रमिक का अपोलो अस्पताल में इलाज चल रहा था। गुरुवार की सुबह अस्पताल से सूचना मिली कि इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। जिसके बाद पुलिस अस्पताल पहुंची। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिम्स लाया गया, जहां पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है।

- रेलवे जीएम और डीआरएम ने आनलाइन पेशी अटेंड की



### अब तक पीड़ित परिवार को कोई मदद नहीं

ज्ञात हो कि जांजगीर-चांपा जिले के मुलमुला निवासी प्रताप बर्मन रेलवे में ठेका श्रमिक था। वो कोचिंग डिपो में इलेक्ट्रिशियन का काम कर रहा था। 23 अगस्त को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के एक्स्ट्रा कोच का एसी सुधारते समय प्रताप बर्मन ओएचई तार की करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि, बिजली सप्लाई बंद किए बगैर ही प्रताप को कोच के ऊपर चढ़ा दिया गया था। सुरक्षा से खिलवाड़, अफसर और ठेकेदार की लापरवाही के चलते ये हादसा हुआ। हादसे के बाद बुरी तरह से झुलसे प्रताप को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस हादसे के बाद परिजन और समाज के लोगों में रेलवे प्रशासन और ठेकेदार के खिलाफ आक्रोश है। वजह यह है कि अब तक पीड़ित परिवार को कोई मदद नहीं मिली है।

रायपुर
शुक्रवार, 29 अगस्त 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष षष्ठी
वर्ष : 24, अंक : 43
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 31.5
न्यून. 23.4

# 96 साल बाद अंततः रायपुर में खुला सीबीएसई का क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर की अधीनता समाप्त

## उद्योग भवन स्थित टॉवर में होगा संचालित, अब तक भुवनेश्वर के अधीन था रायपुर जोन

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी में सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय की शुरुआत अंततः हो गई है। 1929 में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की स्थापना के 96 वर्षों बाद रायपुर को यह राहत मिली है। अब तक रायपुर सहित प्रदेशभर में संचालित सीबीएसई स्कूल भुवनेश्वर कार्यालय के अधीन थे। अंकसूची में एक अक्षर के सुधार के लिए भी छात्रों और पालकों को ओडिशा तक दौड़ लगानी पड़ती थी। ना केवल छात्र और पालक बल्कि स्कूलों को भी मान्यता सहित अन्य सभी तरह के कार्यों के लिए पड़ोसी राज्य जाना पड़ता था। अब इस तरह की स्थिति निर्मित नहीं होगी। नवीन कार्यालय रिंग रोड स्थित उद्योग भवन टॉवर में संचालित किया जा रहा है। 22 अगस्त से इसकी शुरुआत कर दी गई है।

छग के सभी सीबीएसई स्कूल अब रायपुर के इस क्षेत्रीय कार्यालय के ही अंतर्गत आएंगे। दो उप क्षेत्रीय कार्यालय भी शुरू किए गए हैं। शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर और सिक्किम के गंगटोक में उप क्षेत्रीय कार्यालय में कामकाज शुरू हो गया। वहीं त्रिपुरा के अगरतला स्थित उप क्षेत्रीय कार्यालय में 15 सितंबर से कामकाज शुरू होगा।

### अन्य राज्यों में भी स्थापना

रायपुर सहित सीबीएसई ने अलग-अलग राज्यों में छह नए क्षेत्रीय कार्यालय, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और उप क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना की घोषणा की है। सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूल क्षेत्राधिकार के अनुसार संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा शासित होंगे। इस संबंध में सीबीएसई ने अधिसूचना भी जारी की है। इससे छात्रों को सीबीएसई से जुड़े कार्यों के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रायपुर

▶▶|शेष पेज 7 पर

- 1929 में हुई थी सीबीएसई की स्थापना, प्रत्येक कार्य के लिए जाना पड़ता था पड़ोसी राज्य




**6 लाख छात्र**

प्रदेश में 600 से अधिक सीबीएसई स्कूल हैं, जहां 6 लाख से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। इन्हें अब राहत मिलेगी।

- **राजीव गुप्ता**, अध्यक्ष निजी स्कूल संघ

# महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर मुंबई-कोहिमा




**नई दिल्ली।** कोहिमा, विशाखापत्तनम, भुवनेश्वर, आइजोल, गंगटोक, ईटानगर और मुंबई भारत में महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर बनकर उभरे हैं, जबकि पटना, जयपुर, फरीदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, श्रीनगर और रांची इस मामले में सबसे निचले पायदान पर हैं। बृहस्पतिवार को जारी राष्ट्रीय वार्षिक महिला सुरक्षा रिपोर्ट एवं सूचकांक (एनएआरआई) 2025 तो कुछ यही बयां करता है। यह राष्ट्रव्यापी सूचकांक 31 शहरों की 12,770 महिलाओं पर की गई रायशुमारी पर आधारित है। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा स्कोर 65 फीसदी रखा गया है और शहरों को उक्त मानक से 'काफी ऊपर', 'ऊपर', 'समान', 'नीचे' या 'काफी नीचे' श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

- देश के सबसे असुरक्षित शहरों में पटना जयपुर, दिल्ली

### कार्यस्थल को मानती हैं सबसे सुरक्षित

सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 91 फीसदी महिलाएं कार्यस्थल पर सुरक्षित महसूस करती हैं, लेकिन उनमें से लगभग आधी महिलाओं को यह स्पष्ट नहीं है कि उनके कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम (पीओएसएच) नीति लागू है या नहीं। इसमें कहा गया है कि जिन महिलाओं ने कार्यस्थल पर पीओएसएच नीति होने की बात कही, उनमें से अधिकतर ने इन्हें प्रभावी माना।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जन धन खातों की संख्या 56.16 करोड़

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत खोले गए खातों की संख्या 11 वर्ष में बढ़कर 56.16 करोड़ हो गई है। इन खातों में 2.68 लाख करोड़ रुपए जमा किए गए। पीएमजेडीवाई के तहत खातों की संख्या मार्च 2015 के 14.72 करोड़ से बढ़कर 13 अगस्त 2025 तक 56.16 करोड़ हो गई है।



### इंडिगो की सूरत-दुबई उड़ान का मार्ग बदला

**अहमदाबाद।** गुजरात के सूरत से दुबई जा रहे इंडिगो के एक विमान को तकनीकी खराबी आने पर अहमदाबाद में सुरक्षित उतार दिया गया। विमान में लगभग 150 यात्री सवार थे। सूरत हवाई अड्डे से सुबह लगभग साढ़े नौ बजे उड़ान भरने वाला विमान मार्ग परिवर्तित होने के बाद अहमदाबाद में उतर गया।

पाकिस्तान से आतंकवादियों के घुसने की सूचना के बाद हाईअलर्ट

# बिहार में आतंकियों की सेंध, तीन घुसे, इधर, कश्मीर में तीन मारे गए

एजेंसी ▶▶| पटना

*बिहार विधानसभा चुनाव से पहले आतंकी हमले का खतरा मंडरा रहा है। बिहार पुलिस मुख्यालय ने गुरुवार को हाई अलर्ट जारी किया है। जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकी, हसनैन अली, आदिल हुसैन और मोहम्मद उस्मान, नेपाल के रास्ते बिहार में प्रवेश कर चुके हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इधर, गुरुवार को राहुल गांधी की बिहार यात्रा में बदलाव किया गया।*

बिहार में नेपाल के रास्ते तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के घुसने की सूचना मिलने के बाद पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। बिहार पुलिस मुख्यालय ने सभी जिला पुलिस को अलर्ट जारी किया है और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े इन आतंकवादियों के नाम और तस्वीरें भी जारी की हैं। आशंका है कि ये सभी नेपाल के रास्ते अररिया होते हुए बिहार पहुंचे हैं। बिहार के डीजीपी विनय कुमार ने कहा, हां, पूरे राज्य में अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी जिला पुलिस और बिहार पुलिस की कई अन्य शाखाओं को क्षेत्र में गश्त और तलाशी अभियान तेज करके राष्ट्र-विरोधी तत्वों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए कड़ी निगरानी और सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। राज्य में सुरक्षा ▶▶|शेष पेज 7 पर

- प्रदेश में कड़ी निगरानी और सतर्कता बनाए रखने के कड़े निर्देश

### बिहार पुलिस ने तीनों आतंकियों की जारी की तस्वीर

**यहां कड़ा पहरा :** महाबोधि मंदिर परिसर (बोधगया), विश्व शांति स्तूप (राजगीर), महावीर मंदिर और तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब (पटना) जैसे उन सभी स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, जहां पर्यटकों की आवाजाही अधिक होती है। इसके अलावा, राज्य के सभी हवाई अड्डों पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**राहुल का रोड शो रद्द :** बिहार पुलिस के अलर्ट के बाद राहुल गांधी के शेड्यूल में बड़ा बदलाव किया गया। मंदिर में दर्शन के बाद राहुल गांधी का रोड शो भी था, लेकिन वो कैंसिल कर दिया गया। वह अब बिहार में कहीं भी खुले जीप से रोड शो नहीं कर सकेंगे। साथ ही, उनके ठहराव स्थल को बदला गया है। बीते कुछ दिनों 18 से अधिक संदिग्ध नेपाल के जरिए बिहार में दाखिल हुए हैं।



हसनैन अली (रावलपिंडी, पाकिस्तान) | आदिल हुसैन (उमरकोट, पाकिस्तान) | मोहम्मद उस्मान (बहावलपुर, पाकिस्तान)

### अगस्त के दूसरे सप्ताह में पहुंचे काठमांडू

आतंकियों की पहचान रावलपिंडी निवासी हसनैन अली, उमरकोट निवासी आदिल हुसैन और बहावलपुर निवासी मोहम्मद उस्मान के रूप में हुई है। तीनों आतंकी अगस्त के दूसरे सप्ताह में काठमांडू (नेपाल) पहुंचे थे। वहां से बीते सप्ताह बिहार में दाखिल हुए।

### कश्मीर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में सुरक्षाबलों ने नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया है। सेना ने बताया कि इस दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कॉर्प्स ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा दी गई खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरेज सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया था। सेना ने बताया कि घुसपैठ की कोशिश को भांपते हुए सतर्क जवानों ने घुसपैठियों को ललकारा। इसके जवाब में आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सेना ने आगे कहा, जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए प्रभावी ढंग से गोलीबारी की और दो आतंकवादियों को मार गिराया।

# कोरियाई कंपनियों को भाया छत्तीसगढ़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को सियोल में दक्षिण कोरिया के सबसे बड़े व्यापार संगठन कोरिया इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन (किटा) के चेयरमैन जिन सिक युन और वाइस प्रेसिडेंट किम की ह्यून से मुलाकात की। 77 हजार से अधिक सदस्यों वाला यह संगठन एशिया का अग्रणी व्यापारिक मंच है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति 2024–30, प्राकृतिक संसाधनों और कुशल मानव संसाधन ▶▶|शेष पेज 7 पर

### कोरियाई कंपनियां निवेश के लिए उत्साहित

बैठक के दौरान किटा के चेयरमैन जिन सिक युन और वाइस प्रेसिडेंट किम की ह्यून ने भी छत्तीसगढ़ की निवेश-अनुकूल नीतियों और संसाधनों में गहरी रुचि व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कोरियाई कंपनियाँ छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं को लेकर उत्साहित हैं और आने वाले समय में साझेदारी के ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### किसानों, मजदूरों, उद्यमियों को होगा लाभ

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस सहयोग से छत्तीसगढ़ के किसानों, श्रमिकों और स्थानीय उद्यमियों को प्रत्यक्ष लाभ होगा। खाद्य प्रसंस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, स्टील और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश से रोजगार के हजारों अवसर सृजित होंगे। साथ ही, तकनीकी हस्तांतरण से स्थानीय उद्योगों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ न केवल प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न है, बल्कि यहाँ का युवा वर्ग मेहनती और कुशल है। कोरियाई कंपनियों के साथ जुड़कर उन्हें स्किलिंग और तकनीकी प्रशिक्षण के ▶▶|शेष पेज 7 पर

संघ प्रमुख की नसीहत

# तीन बच्चे पैदा करना चाहिए यह देश के लिहाज से ठीक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने देश की जनसंख्या का जिक्र करते हुए कहा कि पर्याप्त जनसंख्या के लिए परिवार में तीन बच्चे होने चाहिए अगर तीन बच्चे होते हैं, तो माता-पिता और बच्चों सभी का स्वास्थ्य ठीक रहता है। देश के नजरिए से तीन बच्चे ठीक हैं। तीन से बहुत ज्यादा आगे बढ़ने की जरूरत नहीं है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### संघ ने विभाजन रोकने की कोशिश की

भागवत ने कहा कि जब किसी ने गुरुजी (एम.एस. गोलवलकर) से पूछा कि क्या विभाजन होगा, तो संघ ने इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा कि उस वक्त संघ की ताकत बहुत कम थी। विभाजन के खिलाफ कोशिश की गई थी, और बीच में मिलने की कोशिश भी हुई, लेकिन अब कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने आगे कहा कि 'अखंड भारत' को ध्यान में रखना सिर्फ राजनीति नहीं है, बल्कि यह एक सच्चाई है। यह जिंदगी का एक फैक्ट है। यह भारत की वास्तविकता को दर्शाता है।

ट्रंप टैरिफ का एक पहलू यह भी

# भारत से ही कई सामान खरीदेगा अमेरिका, नहीं है कोई विकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत पर अमेरिका शुल्क अब 50 फीसदी लग रहा है। ऐसे में भारतीय निर्यातक तनाव में हैं। इस बीच, एक अच्छी खबर यह है कि अमेरिका भारत से कुछ वस्तुओं की खरीदारी जमकर करने वाला है, क्योंकि अमेरिका के पास भारत से खरीदने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचता। अगर ▶▶|शेष पेज 7 पर

### कई उत्पादों पर टैरिफ नहीं

अमेरिका ने भारत के जिन उत्पादों को टैरिफ से छूट दे रखा है, उनमें फॉर्मा सेक्टर्स (दवाएं और उपकरण), इलेक्ट्रॉनिक्स (स्मार्टफोन्स और इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स), अतिरिक्त ऊर्जा और नवीकरणीय उत्पाद जैसे पेट्रोलियम आदि टैरिफ से मुक्त हैं। कुछ उत्पादों पर सिर्फ 25 फीसदी ही टैरिफ लागू किया गया है, जिसमें लोहे-सीसे, एल्यूमिनियम, तांबे और उनके आउटपुट आदि शामिल हैं।

# जांच के नाम पर महिलाओं को किया परेशान, टीआई सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

आदेश के बाद भी हिर्री टीआई ने त्यौहार के दिन महिला बाइक सवार को रोककर जांच के नाम पर परेशान किया। एसएसपी ने इसे घोर लापरवाही मानते हुए हिर्री टीआई को सस्पेंड कर दिया है। 20 अगस्त को देर रात एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले राजपत्रित अधिकारी व थानेदारों की बैठक लेकर विशेष तौर पर त्यौहार के समय चौक-चौराहों पर वाहन जांच के निर्देश दिया गया था। यह भी कहा गया था कि महिला व बच्चे ▶▶|शेष पेज 7 पर

### जांच के लिए बना लिया फिक्स पाइंट

पिछले कुछ समय से ट्रैफिक पुलिस ने रिवरव्यू पेड़ के नीचे, महाराणा प्रताप चौक ब्रिज के नीचे, मैग्नेटो मॉल चौक, पुराना बस स्टैण्ड, मंगला बाइपास, कोनी रोड में फिक्स जांच पाइंट बना लिया है।

# नर्स की जगह गार्ड ने लगाया इंजेक्शन, सुरक्षा एजेंसी का ठेका समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हरिभूमि फॉलोअप

- हाईकोर्ट में शासन ने पेश किया जवाब



जिला अस्पताल में नर्स की जगह गार्ड द्वारा मरीज को इंजेक्शन लगाने के मामले को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। सीएमएचओ व सिविल सर्जन को शासन के नोटिस के बाद इस संदर्भ में आगे क्या कार्रवाई की जा रही है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने कलेक्टर गरियाबंद को इस संदर्भ में जानकारी देने था। कलेक्टर की ओर से पेश शपथ पत्र में बताया गया कि गार्ड को इंजेक्शन लगाने के लिए किसी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी या कर्मचारी द्वारा नहीं कहा गया था। गार्ड ने स्वयं ही इंजेक्शन लगा दिया है। लापरवाही के कारण गार्ड और सुरक्षा एजेंसी दोनों को हटा दिया गया है। हालांकि हाईकोर्ट इस जवाब से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हुआ और सवाल किया कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है। यह तो और बड़ी लापरवाही है कि स्वास्थ्य कर्मी नहीं बल्कि कोई बाहरी व्यक्ति इलाज कर रहा। गुरुवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जिला अस्पताल में ऐसी ▶▶|शेष पेज 7 पर



# जदयू 102, भाजपा 101 सीट पर लड़ेगी चुनाव, चिराग की एलजेपी को 20 सीट!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए गठबंधन का सीट बंटवारा फाइनल हो गया और अब करीब-करीब स्थिति पूरी तरह से साफ हो गई है। दिल्ली दौरे से लौटे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बैठक के बाद गठबंधन दलों ने सीटों के विभाजन पर अंतिम सहमति बना ली है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि जदयू 102 सीटों और भाजपा 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) यानी एलजेपी (आर) को 20, जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (एचएएम) और उपेंद्र कुशवाहा के राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) को 10-10 सीटें मिली हैं। फिलहाल सीटों के बंटवारे को लेकर आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। संभावना जताई जा रही है कि एनडीए जल्द ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकता है। हालांकि कौन सी पार्टी किन सीटों पर लड़ेगी, इस पर मंथन चल रहा है। इस दौरान जदयू और भाजपा में 1-2 सीटों का अंतर हो सकता है। करीब दो महीने पहले ही ये खबरें आई थीं कि इस बार भी बीजेपी, जदयू से कम सीटों पर चुनाव लड़ेगी और ताजा जानकारियां इसी बात की पुष्टि कर रही हैं।

### 2020 चुनाव में यह था सीट गणित

2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 110 सीटों पर चुनाव लड़ा और 74 सीटें जीतीं, जबकि जदयू ने 115 सीटों पर चुनाव लड़कर 43 जीत दर्ज की। इस बार जदयू 102 और भाजपा 101 सीटों से चुनाव लड़ेंगी। वहीं लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 17, जदयू ने 16, एलजेपी ने 5 और जीतन राम मांझी की एचएएम और उपेंद्र कुशवाहा की आरएलएम ने एक-एक सीट पर चुनाव लड़ा था। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जेडीयू से एक सीट ज्यादा लड़ी थी, लेकिन विधानसभा चुनाव में जदयू को भाजपा से 1-2 सीटें ज्यादा मिल सकती हैं।

इस साल के आखिर में होने हैं राज्य में विधानसभा चुनाव

सितंबर अंत या अक्टूबर शुरुआत में होगा चुनाव तिथि का ऐलान




### यह है एनडीए की रणनीति

एनडीए इस बार छोटे दलों को भी मजबूती से साथ रखना चाहता है। यही वजह है कि एलजेपी (रामविलास) को 20 सीटें, जबकि एचएएम और आरएलएम को 10-10 सीटें दी जा रही हैं। पिछली बार मांझी की पार्टी को सिर्फ 7 सीटें मिली थीं, लेकिन इस बार उनकी ताकत को देखते हुए उन्हें ज्यादा महत्व दिया जा रहा है।

### चुनाव तारीखों के बाद होगा ऐलान

सूत्रों के अनुसार, जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के बीच सीटों के बंटवारे पर सहमति बन चुकी है, लेकिन औपचारिक ऐलान चुनाव आयोग द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद ही होगा। माना जा रहा है कि चुनाव आयोग विधानसभा चुनाव की घोषणा सितंबर के अंत या अक्टूबर के पहले हफ्ते में कर सकता है।

#### नीतीश की अगुवाई में लड़ा जाएगा चुनाव

सूत्रों के अनुसार, बिहार विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार की अगुवाई में लड़ा जाएगा। अगर एनडीए चुनाव जीतता है तो नीतीश कुमार ही ये तय करेंगे कि आगे की रणनीति क्या होगी। सूत्रों ने कहा कि नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर कुछ चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, लेकिन इस बारे में अंतिम निर्णय वे स्वयं लेंगे।

#### इंडिया ब्लॉक ने भी शुरू की तैयारियां

वहीं, दूसरी ओर विपक्षी महागठबंधन (जिसमें राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी), कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल हैं) ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की 'वोटर अधिकार यात्रा' ने मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं और विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के खिलाफ जनजागरूकता अभियान शुरू किया है।

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन मनी गेम्स बैन को कोर्ट में चुनौती



**बेंगलुरू।** भारत में ऑनलाइन गेमिंग कंपनी A23 ने केंद्र सरकार के ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाने वाले नए कानून को कर्नाटक हाईकोर्ट में चुनौती दी है। यह पहला मामला है जिसमें इस कानून के खिलाफ अदालत में चुनौती दी गई है। इस कानून के चलते लोकप्रिय ऑनलाइन गेमिंग प्रतियोगिताओं को अचानक बंद करना पड़ा और उद्योग के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे। हाल ही में संसद ने 'ऑनलाइन गेमिंग के प्रचार और विनियमन विधेयक, 2025' पारित किया, जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिलने के बाद अब एक कानून का दर्जा प्राप्त हो चुका है।

### रेलवे बोर्ड चेयरमैन बने रहेंगे सतीश कुमार

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सह सीईओ सतीश कुमार को उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद भी पद पर बनाए रखने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ने सतीश कुमार को एक साल का सेवा विस्तार देने के फैसले पर मुहर लगा दिया है। एक साल के सेवा विस्तार के साथ सतीश कुमार का कार्यकाल बतौर रेलवे बोर्ड चेयरमैन सीईओ अब 31 अगस्त 2026 तक रहेगा। सरकार ने रेलवे में जारी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की निरंतरता बनाए रखने के लिए सतीश कुमार को विस्तार दिया है।

### कनाडा में भारत के उच्चायुक्त बने पटनायक

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** वर्ष 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी और वरिष्ठ राजनयिक दिनेश.के.पटनायक को कनाडा में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। जिससे फिलहाल बेपटरी हो चुके दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के मजबूत संकेत मिल रहे हैं। बीते करीब नौ महीने से यह पद खाली पड़ा हुआ था। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दिनेश पटनायक, जो वर्तमान में स्पेन में भारत के राजदूत हैं।

## पीएम मोदी की दिवंगत मां को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग

# राहुल की रैली में विवादित बयानों की गूंज, भाजपा बोली- ये सड़क छाप यात्रा

*बिहार में राहुल गांधी भाजपा और पीएम मोदी के खिलाफ रैली के जरिए जमकर हमला बोल रहे हैं। इस बीच, उनकी एक रैली में पीएम मोदी और उनकी मां स्व. हीराबेन के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। प्रदेश भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने दरभंगा शहर में बुधवार की घटना के संबंध में गुरुवार यहां कोतवाली पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माताजी के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाते हुए भाजपा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत 'इंडिया' गठबंधन को जनता द्वारा 'दंडित' किया जाएगा। प्रदेश भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने दरभंगा शहर में बुधवार की घटना के संबंध में गुरुवार यहां कोतवाली पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो कथित तौर पर दरभंगा जिले का है, जहां से बुधवार सुबह यात्रा शुरू हुई थी, जब राहुल गांधी, उनकी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव मोटरसाइकिल पर मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हुए थे। इस प्रकरण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा, भीड़ का व्यवहार राजद की गुंडागर्दी जैसा था। और कांग्रेस सत्ता की अंधी चाहत में उपद्रवी व्यवहार को बर्दाश्त कर लेती है। भाजपा की दरभंगा जिला इकाई के प्रमुख आदित्य नारायण झा 'मन्ना' ने कहा, पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त गुस्सा है, जिन्होंने राहुल और तेजस्वी का पुतला जलाया है। हम सबूत भी जुटा रहे हैं और एक और प्राथमिकी दर्ज कराने की तैयारी में हैं।



### शाह बोले-यह देश के लोकतंत्र का काला धब्बा



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में 'कांग्रेस और राजद के मंच से' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र भाषा के इस्तेमाल की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह देश के लोकतंत्र पर एक धब्बा है। शाह ने यह भी कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की राजनीति अपने निम्न स्तर पर आ पहुंची है और एक गरीब मां के बेटे का प्रधानमंत्री के पद पर बैठना उनको बर्दाश्त नहीं हो पा रहा है। गृह मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, बिहार के दरभंगा में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और उनकी स्वर्गीय माताजी के लिए कांग्रेस और आरजेडी (राजद) के मंच से जिस प्रकार गालियों से भरी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, वह न केवल निंदनीय है, बल्कि हमारे लोकतंत्र को भी कलंकित करने वाला है। उन्होंने हिन्दी में किये गये इसी पोस्ट में कहा, राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की राजनीति अपने निम्न स्तर पर आ पहुंची है। उनको यह बर्दाश्त नहीं हो पा रहा है कि कैसे एक गरीब माँ का बेटा बीते 11 वर्षों से प्रधानमंत्री पद पर बैठा हुआ है और अपने नेतृत्व में देश को निरंतर आगे ले जा रहा है।

### अन्य प्रदेशों में 'वोट चोरी' के सबूत जल्द करेंगे उजागर : राहुल

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि वोट काटना गरीब लोगों के अधिकारों को छीनने की शुरुआत है। अगर मताधिकार चला गया तो गरीब लोगों के पास कुछ नहीं बचेगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को 'वोटर अधिकार यात्रा' के 12वें दिन सीतामढ़ी में लोगों को संबोधित करते हुए चुनावों में की जा रही धांधली को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर तीखा प्रहार किया। उनके साथ राजद नेता तेजस्वी यादव, इंडिया गठबंधन नेता दीपांकर भट्टाचार्य, मुकेश सहनी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### साय समेत भाजपा शासित राज्यों के सीएम ने की निंदा

अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल किये जाने के आरोपों पर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने कांग्रेस नीत 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ लगातार अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है, लेकिन अब उसने हद पार कर दी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय ने मोदी और उनकी दिवंगत मां के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र भाषा की निंदा करते हुए कहा कि यह टिप्पणी न केवल एक व्यक्ति का बल्कि भारत की आत्मा और संस्कृति का अपमान है। साय ने 'एक्स' पर कहा, कांग्रेस-राजद के मंच से पीएम मोदी के लिए की गई अभद्र टिप्पणी यह पूरे भारत की आत्मा और संस्कृति पर चोट है।



# बंगाल में भी एसआईआर की तैयारी शुरू, चुनाव आयोग ने लिखा पत्र

## बिहार में एसआईआर को लेकर मचा है घमासान




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर बवाल मचा हुआ है। इस बीच चुनाव आयोग बंगाल में एसआईआर करवाने की तैयारी शुरू कर चुका है। चुनाव आयोग ने बंगाल के मुख्य सचिव और जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओएस) को आवश्यक नियुक्तियां करने सहित इस प्रक्रिया की तैयारियां तेज करने को कहा है। बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने 27 अगस्त को इस संबंध में सभी राज्य डीईओएस को एक पत्र भेजा है। सूत्रों के अनुसार मनोज अग्रवाल ने 26 अगस्त को मुख्य सचिव मनोज पंत को एक अलग पत्र भेजा है। इसमें सरकार से निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों (ईआरओएस) और सहायक ईआरओ (एईआरओएस) के सभी रिक्त पदों को तुरंत भरने का अनुरोध किया गया है ताकि चुनाव आयोग मतदाता सूची पुनरीक्षण की घोषणा होने पर इसे पूरा कर सके। बंगाल में मार्च-अप्रैल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं।

### 'जब तक मैं जिंदा हूं, मताधिकार नहीं छीनने दूंगी'



बिहार के बाद अन्य राज्यों में गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर सियासी विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्ष इसे लेकर लगातार मोदी सरकार और चुनाव आयोग का विरोध कर रहा है। इस बीच, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने खुले शब्दों में चेतावनी दी है। उन्होंने कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा की एक रैली में दावा किया कि भाजपा ने मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने के उद्देश्य से सर्वेक्षण करने के लिए देश भर से पश्चिम बंगाल में 500 से ज्यादा टीमें तैनात की हैं। चुनाव आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है। उन्होंने लोगों से कहा, अब आपको खुद जांच करनी होगी कि आपका नाम अभी भी मतदाता सूची में है या कट गया है। उन्होंने आगे कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, किसी को भी लोगों का मताधिकार नहीं छीनने दूंगी।

## रूस ने यूक्रेन पर 629 मिसाइलों और ड्रोन से किया हमला

# यूरोपियन यूनियन की इमारत को नुकसान, 14 से ज्यादा की मौत



**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच करीब चार साल से जंग जारी है और कोई भी देश बीच हटने को तैयार नहीं है। अब रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव स्थित यूरोपियन यूनियन के प्रतिनिधिमंडल भवन पर हमला किया है। यूक्रेन का कहना है कि रूस ने कीव पर बड़े पैमाने पर हमले में किए हैं, जिनमें कम से कम 14 लोगों की मौत हुई है और 48 घायल हुए हैं। यूक्रेनी विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रूसी हमले में यूक्रेन में यूरोपीय संघ के मिशन की एक इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। यूक्रेन का कहना है कि मिसाइलों की संख्या के आधार में यह रूस के साथ चले रहे संघर्ष के दौरान अब तक का दूसरा सबसे बड़ा हमला है।

### ईयू अध्यक्ष ने की निंदा

यूक्रेनी राष्ट्रपति जलेंस्की ने कहा कि कीव पर रूसी हमले में 14 लोग मारे गए, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि यूरोपीय यूनियन की बिल्डिंग सहित कई सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। यूक्रेन में यूरोपीय संघ के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने भी इस हमले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि रूस जंग खत्म करने का विकल्प नहीं चुन रहा है, बल्कि नए हमले कर रहा है।

### यही रूस की शांति की अवधारणा : फ्रांस

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक्स पर पोस्ट करते हुए दावा किया है कि, 'यूक्रेन पर एक ही रात में 629 मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए गए, यही रूस की शांति की अवधारणा है। फ्रांस इन मूर्खतापूर्ण और क्रूर हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करता है। यूक्रेनी जनता के प्रति पूरा समर्थन और सभी शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताता है।

## केंद्र सरकार ने दी सुप्रीम कोर्ट में दलील

# 'राष्ट्रपति-राज्यपाल के फैसलों पर याचिका दायर नहीं कर सकते राज्य'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि राज्य सरकारें उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका (मामला) नहीं कर सकतीं जो राष्ट्रपति या राज्यपाल ने विधानसभा से पास हुए विधेयकों पर लिया हो, चाहे राज्य यह कहे कि इससे लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है।

केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह बात चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ के सामने कही। संविधान पीठ में जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर भी शामिल थे। मेहता ने कहा कि राष्ट्रपति इस बात पर



सुप्रीम कोर्ट की राय लेना चाहती हैं कि क्या राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत ऐसी याचिकाएं दायर कर सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति यह भी जानना चाहती हैं कि संविधान के अनुच्छेद 361 का दायरा क्या है। यह अनुच्छेद कहता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल अपने अधिकारों और कर्तव्यों के निर्वहन के लिए किसी भी अदालत के प्रति जवाबदेह नहीं होंगे।

### राज्यपाल का छह महीने तक विधेयक लंबित रखना सही नहीं : सीजेआई

सुनवाई के दौरान, सीजेआई गवई ने कहा कि राज्यपाल का किसी विधेयक को छह महीने तक लंबित रखना सही नहीं है। मेहता ने जवाब में कहा कि अगर एक सांविधानिक संस्था अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करती, तो इसका मतलब यह नहीं कि कोर्ट दूसरी सांविधानिक संस्था को आदेश दे। इस पर सीजेआई ने कहा, लेकिन अगर यह अदालत ही किसी मामले को 10 साल तक नहीं सुलझाए, तो क्या राष्ट्रपति को कोई आदेश देने का हक होगा? सुनवाई अभी जारी है। सुप्रीम कोर्ट अभी राष्ट्रपति की ओर से भेजे गए उस सांविधानिक संदर्भ पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें पूछा गया है कि क्या अदालत राज्यपाल और राष्ट्रपति को यह निर्देश दे सकती है कि वे विधानसभा से पारित हुए विधेयकों पर तय समयसीमा में निर्णय लें?

## 31 अगस्त को चीन और 1 सितंबर को रूस के राष्ट्रपति से मिलेंगे प्रधानमंत्री मोदी

# तारीख तय, चीन में होगी पीएम की जिनपिंग-पुतिन से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मौजूदा साल 2025 की जिस बहुप्रतीक्षित मुलाकात का हर खासो-आम को बेसब्री से इंतजार था। उसके लिए तारीख तय हो चुकी है। जी हां, यहां बात चीन की अध्यक्षता में तियानजिन में आयोजित किए जाने वाले 25वें 'शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन' (31 अगस्त से 1 सितंबर तक) की हो रही है। जिसमें 31 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय मुलाकात होगी। दोनों नेता भारत-चीन संबंधों, क्षेत्रीय सहयोग के अलावा अमेरिकी टैरिफ के मामले पर भी चर्चा कर सकते हैं। जो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का तनाव बढ़ा सकती है। सात साल बाद पीएम की यह चीन यात्रा हो रही है। पूर्व में वह 2018 में पड़ोसी देश गए थे। वहीं, 2020 में एलएसी विवाद की शुरुआत के बाद हो रही पीएम की यह पहली चीन यात्रा है। जिसका फिलहाल समापन हो चुका है। इसके ठीक बाद एससीओ शिखर सम्मेलन वाले दिन 1



सितंबर को पीएम मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक करेंगे। संभवतः टैरिफ का मसला इस दौरान भी उठेगा। आगामी शनिवार को ही सम्मेलन के पूर्व में चीन के राष्ट्रपति समूह के बाकी देशों के राष्ट्राध्यक्षों के लिए एक स्वागत रात्रिभोज (बैंक्वेट डिनर) का आयोजन करेंगे।

### टैरिफ टेंशन के बीच मिलेंगे तीनों शीर्ष नेता

गौरतलब है कि भारत, चीन और रूस के शीर्ष नेताओं के बीच होने वाली यह द्विपक्षीय बैठकें एक ऐसे समय पर होने जा रही हैं। जब अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के बीच भारत की मास्को से जारी कच्चे तेल की खरीद पर 25 फीसदी जुर्माने के साथ दुनिया में सबसे ज्यादा कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसकी वजह से दोनों देशों के आपसी संबंधों में तल्खी बनी हुई है। इन सबके बीच राष्ट्रीय राजधानी में मौजूद रूस के राजनयिक भी बीते वक्त में इस बात के संकेत दे चुके हैं कि रूस, भारत और चीन के नेता जल्द ही त्रिपक्षीय संवाद कर सकते हैं। इतिहास में ऐसी ही एक प्रक्रिया को आरआईसी का नाम दिया गया था।

**कजान के बाद होगी दूसरी मुलाकात :** भारत और चीन के राष्ट्राध्यक्षों के बीच पिछली मुलाकात बीते वर्ष 2024 के अंत में रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर हुई थी। उस वक्त पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) दोनों देशों के बीच 2020 से भीषण सैन्य संघर्ष चल रहा था। जिसका कई दौर की बातचीत के बाद भी कोई ठोस परिणाम नहीं निकला था।

### 20 से अधिक देशों के नेता करेंगे शिरकत

इस वर्ष एससीओ सम्मेलन में 20 से अधिक देशों के शीर्ष नेता शिरकत करेंगे। जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू शामिल होंगे। इसके अलावा तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोआन, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो, मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम और वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह भी इस महत्वपूर्ण आयोजन में भाग लेंगे। 10 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख भी इस आयोजन के लिए चीन की यात्रा करेंगे। जिसमें संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, एससीओ महासचिव नूरलान येरमेकबायेव मुख्य हैं।

# कानून मंत्रालय की 'स्टेगर्ड टर्म्स' के लिए चुनाव आयोग को न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर की 4 राज्यसभा सीटें फरवरी 2021 से रिक्त पड़ी हैं। चुनाव आयोग ने केंद्र से अनुरोध किया था कि राष्ट्रपति द्वारा सभी चार रिक्त पड़ी राज्यसभा सीटों का कार्यकाल अलग-अलग यानी /"स्टेगर्ड टर्म्स/" के लिए निर्धारित कर दिया जाए ताकि हर दो साल में क्रमशः एक सीट खाली हो और नया चुनाव हो सके। लेकिन कानून और न्याय मंत्रालय ने यह मांग ठुकरा दी है। मंत्रालय ने आयोग से स्पष्ट कहा कि संविधान और मौजूदा कानूनों में ऐसी व्यवस्था की कोई अनुमति नहीं है। आयोग ने कहा था कि संविधान का उद्देश्य राज्यसभा को "स्थायी सदन" बनाना है, जहाँ हर दो साल में एक-तिहाई सदस्य बदलते रहें। चूंकि जम्मू-कश्मीर में चारों सीटें एक साथ खाली हुई हैं, इस चक्र में असमानता आ गई है। इसलिए राष्ट्रपति आदेश से टर्म्स अलग-अलग कर दिए जाएं। कानून मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की मांग का कोई कानूनी आधार नहीं है। यदि राष्ट्रपति आदेश से एक बार टर्म बदल दिया गया तो वही नियम अन्य राज्यों में भी लागू करना होगा, जहाँ अतीत में ऐसी स्थिति बनी थी (जैसे पंजाब और दिल्ली)। ऐसा करना संविधान संशोधन के बिना संभव नहीं।

■ 2021 से ख़ाली हैं जम्मू कश्मीर से राज्यसभा की 4 सीटें

# आईएसएस पर दिखा रहस्यमयी ब्लू जेट नासा एस्ट्रोनॉट ने शेयर की तस्वीर

**वॉशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों ने दो बहुत ही अद्भुत और रहस्यमय नीली जेट को देखा है। ये धरती के वायुमंडल से ऊपर की तरफ उड़ती हुई एक बड़ी बिजली का जेट है। ये बिजली की घटनाएं तूफान वाले बादलों से बहुत ऊपर होती हैं और वैज्ञानिक अभी तक इससे पीछे के राज को पूरी तरह से समझ नहीं पाए हैं। स्पेस वेबसाइट के अनुसार, नासा के अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर ने एक नीले जेट की तस्वीरें खींची हैं। यह एक खास तरह की बिजली होती है जो ऊपर की ओर जाती है और अंतरिक्ष के किनारे तक पहुंच जाती है। अंतरिक्ष यात्री डॉन पेटिट ने इस तस्वीर को शेयर किया है। सामान्य बिजली जो जमीन की तरफ नीचे आती है उससे अलग, स्प्राइट और नीले जेट बादलों से ऊपर की ओर चमकते हैं जिसकी वजह से ये रोशनी रंगीन दिखाई देती है। खासकर, नीले जेट तूफानी बादलों में बिजली के आवेश के संतुलने से बनते हैं। ये वायुमंडल में नाइट्रोजन के साथ मिलकर अपनी खास नीली चमक पैदा करते हैं।

### कब ली गई थी तस्वीर?

आईएसएस से 19 नवंबर 2024 को एक अंतरिक्ष यात्री ने एक और तस्वीर खींची थी। इस तस्वीर में बिजली की एक वेव दिख रही है जिससे पता चलता है कि ये कितनी ताकतवर हो सकती हैं। हालांकि, नासा ने पहले इस तस्वीर पर ध्यान नहीं दिया था, लेकिन बाद में फोटोग्राफर फ्रैंकी लुसेना ने इसे आईएसएस के फोटो डाटाबेस में खोज निकाला। यह विशाल जेट न्यू ऑरलियन्स के तट पर एक तूफान से निकला था और धरती के वायुमंडल की सबसे ऊपरी परत आयनमंडल तक 80 किमी से भी ज्यादा ऊपर तक फैल गया था।



### क्यों है ये इतनी रहस्यमय?

इन ऊंचाई पर होने वाली घटनाओं के ज्यादा सबूत मिलने के बाद भी, वैज्ञानिकों के पास अभी भी बहुत से सवालों के जवाब नहीं है। वैज्ञानिकों को अभी भी ये नहीं पता कि स्प्राइट को बनाने वाली सही वायुमंडलीय स्थितियां क्या हैं और विशाल जेट कैसे बनते हैं। लेकिन, कुछ वैज्ञानिकों को लगता है कि गुरुत्वाकर्षण तरंगें इसमें शामिल हो सकती हैं, हालांकि ये अभी पक्का नहीं है।

# 90 डिग्री उत्तर ध्रुव पर पूर्ण मैराथन पूरा करने वाले पहले भारतीय बने राम गोपाल कोठारी

**कोलकाता।** 90 डिग्री उत्तर पर, जहां हर दिशा दक्षिण होती है और जमी हुई आर्कटिक महासागर ज़मीन का रूप ले लेती है, वहां भारतीय तिरंगा लहराया गया। किसी खंभे पर नहीं, बल्कि एक ऐसे धावक के हाथों में जो इतिहास लिख रहा था। 13 जुलाई 2025 को, कोलकाता में जन्मे उद्यमी और साहसी यात्री राम गोपाल कोठारी पहले भारतीय बने जिन्होंने भौगोलिक उत्तर ध्रुव पर पूर्ण मैराथन पूरा किया। यह उपलब्धि उन्हें उन चुनिंदा धैर्यवान खिलाड़ियों की श्रेणी में रखती है, जिन्होंने धरती के सबसे कठिन दौड़-पथों में से एक को पार किया है। उत्तर ध्रुव मैराथन, जो 3 मीटर गहरी बर्फ़ीली परतों पर दौड़ा जाता है और जिसके नीचे समुद्र होता है। वर्ष में केवल एक बार आयोजित किया जाता है।




### जहाज़ पर सवार होकर शुरू की यात्रा

अभियान की शुरुआत लोंगइयरब्येन, स्वालबार्ड (नॉर्वे) से हुई, जहां प्रतिभागियों ने फ्रांसीसी बर्फ़ तोड़ने वाले जहाज 'ले कमांडां शार्को' पर सवार होकर यात्रा शुरू की। 78उत्तर से 90उत्तर तक ठोस समुद्री बर्फ़ को पार करना अपने आप में धैर्य की परीक्षा थी। इस दौरान ध्रुवीय भालू, वालरस, सील और नीली व्हेल दिखाई दीं। कोठारी ने याद करते हुए कहा, 'हमने यात्रा के दौरान 15 ध्रुवीय भालू देखे और 3 नीली व्हेल भी, जो दुनिया के सबसे बड़े स्तनधारी हैं।

### आर्थित तंगी से जीवन समाप्त करने का आया था विचार

कोठारी की यह उपलब्धि उनके निजी संघर्षों से और भी बड़ी लगती है। कोलकाता के बड़ा बाजार की एक साधारण दो कमरे की झोपड़ी में जन्मे और पले-बढ़े कोठारी का बचपन सीमित संसाधनों और संयुक्त परिवार की कठिनाइयों में गुजरा। पढ़ाई में औसत रहे कोठारी ने स्वीकार किया कि उनके जीवन को माता-पिता की संघर्षशीलता और सहनशीलता ने आकार दिया। 2012 में, एक बड़े व्यक्तिगत और पेशेवर संकट ने उन्हें हताश कर दिया। आर्थिक तंगी और मानसिक थकान से टूटकर उन्होंने जीवन समाप्त करने तक का विचार कर लिया था।

### सातों महाद्वीपों पर रख चुके हैं कदम

धीरे-धीरे यात्रा उनका जुनून और निजी मिशन बन गया। नवंबर 2022 तक, कोठारी सातों महाद्वीपों पर कदम रख चुके थे, जिसमें खतरनाक ड्रेक जलडमरूमध्य पार कर अंटार्कटिका पहुंचना भी शामिल था। उनकी यात्राएं ग्रीनलैंड की हिमनदी घाटियों, स्वालबार्ड की ध्रुवीय रात और अफ्रीका के माउंट किलिमंजारो तक फैलीं। यूरोप के माउंट एल्ब्रुस पर चढ़ाई के दौरान 100 मीटर की गिरावट से भी वे नहीं डरे।

### 2027 तक 100 देशों की यात्रा करने का लक्ष्य

उत्तर ध्रुव मैराथन पूरा करने के बाद अब उनका लक्ष्य है सात महाद्वीपों पर सात दिनों में सात मैराथन, दुनिया की सात सबसे ऊंची चोटियों (सात शिखर) पर चढ़ाई, और वर्ष 2027 तक 100 देशों की यात्रा करना, जिनमें से 71 वे पहले ही पूरी कर चुके हैं।

# 2 लाख कीमत वाला ये कुत्ता दिखता है शेर जैसा! खाता है स्पेशल डाइट

*गाजीपुर। गाजीपुर के पीर नगर में स्थित डॉग पॉइंट पर आने वाले लोग तिब्बती मास्टिफ़ को देखकर हैरान रह जाते हैं। पहली नजर में यह डॉग कम और शेर ज्यादा लगता है। इसका घना कोट, चौड़ा सिर और विशालकाय कद-काठी इसे आम कुत्तों से पूरी तरह अलग बनाते हैं। इसकी आकर्षक बनावट और शक्तिशाली रूप के कारण इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है और इसकी कीमत लगभग डेढ़ से दो लाख रुपए है।*

### तिब्बती मास्टिफ डॉग की खासियत और नेचर

तिब्बती मास्टिफ़ तिब्बत और हिमालयी इलाकों से आता है, जहां इसे सदियों से रक्षक कुत्ते की तरह पाला जाता रहा है। मास्टिफ डॉग नर का वजन 45 से 70 किलो और मादा का 35 से 55 किलो तक हो है, जबकि ऊंचाई 60–66 सेमी तक होती है। डॉग पॉइंट के मालिक संजय सिंह बताते हैं कि इस कुत्ते की मेटिंग शेर जैसी हुई है। इसके लंबे बाल और घना फर इसे और भी आकर्षक बनाते हैं। यह परिवार में घुल-मिलकर सभी को समान प्यार देता है और परिवार के किसी सदस्य पर कभी आंच नहीं आने देता।



### क्यों रखें तिब्बती मास्टिफ़

अगर आप भी ऐसा डॉग चाहते हैं जो देखने में शेर जैसा लगे और घर की सुरक्षा में किसी पेशेवर गार्ड से कम न हो, तो तिब्बती मास्टिफ़ आपके लिए परफेक्ट चॉइस है। इसकी वफादारी, शांत स्वभाव और रक्षक क्षमता इसे हर परिवार के लिए आदर्श बनाती है।

### डॉग का खानपान और लाइफ़स्टाइल

तिब्बती मास्टिफ़ ठंडी जगहों में आसानी से रह सकता है। इसके घने बाल इसे ठंड और बर्फीले मौसम से सुरक्षित रखते हैं, लेकिन गर्म इलाकों में इसे छांव और ठंडी हवा की जरूरत होती है। संजय सिंह बताते हैं कि इसे हमेशा ठंडी जगह पर रखना चाहिए, क्योंकि यह तिब्बत जैसे ठंडे इलाके का मूल कुत्ता है।

# दो साल पहले हुई थी पति की मौत अब उसके बच्चे की मां बनी महिला

**सिडनी।** हर महिला का सपना होता है कि उसे एक अच्छा जीवनसाथी मिले, जिसके साथ वो अपने परिवार को बसा सके। हालांकि, कई बार जीवन का ऐसे मोड़ पर लाकर इंसान को खड़ा कर देता है। जिसकी उम्मीद उसने कभी नहीं की होती है। ऐसी ही एक कहानी 34 वर्षीय शार्लट की है। जिन्होंने अपने पार्टनर और परिवार को लेकर कई तरह के सपने सजाए, लेकिन फिर उनके जीवन में कुछ ऐसा हुआ कि उनकी जिंदगी ही पूरी तरीके से बदल गई। हालांकि, इनके जीवन में बाद में जाकर एक चमत्कार भी



देखने को मिला। अपनी गोद में नवजात बेटे को थामे हुए, शार्लट ऐलर अक्सर यह महसूस करती हैं कि बेटा इलायजाह अपने पिता की हूबहू छवि है, लेकिन दुख की बात यह है कि ये बच्चा अपने पिता को चाहकर भी अब कभी नहीं देख पाएगा। क्योंकि, उसके पिता सैम की मौत उसके जन्म से दो साल पहले ही हो चुकी थी। 34 वर्षीय शार्लट का सपना था कि वह और उनके पति सैम मिलकर एक परिवार बसाए। इसी को सोचकर जनवरी 2021 में समुद्र किनारे उन्होंने शादी की। पति के निधन के बाद भी शार्लट ने सैम के सपने को पूरा करने के बारे में सोचा! ऑस्ट्रेलिया जाकर उन्होंने आईवीएफ प्रक्रिया शुरू की। पहली दो कोशिशें नाकाम रहीं, लेकिन तीसरी बार किस्मत ने साथ दिया।

### कैसे हुआ ये सब?

इस बाद साल 2022 में शार्लट को पता चला कि उनके पति को कैंसर है। सैम महज 31 साल के थे जब उनका कैंसर तेज़ी से कई अंगों में फैल गया और इलाज असफल रहा। जब सैम को कैंसर हुआ और इलाज शुरू हुआ, तब उन्होंने इस बात को ध्यान में रखते हुए अपना वीर्य फ्रीज़ करवा दिया था कि इलाज उनकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकता है। बीमारी के बावजूद उन्होंने और शार्लट ने भविष्य की योजनाओं के बारे में बातें कीं। दोनों ने मिलकर बच्चों के नाम तक सोच लिए थे, लेकिन साल 2022 के अप्रैल महीने में वो इस दुनिया से रुख़सत हो गए।

# बिल्ली की बॉडी को हमेशा घर में ही रखने के लिए महिला ने किया कुछ ऐसा

**न्यूयॉर्क।** ज़्यादातर पालतू जानवरों के मालिकों के लिए उन्हें अलविदा कहना सबसे मुश्किल होता है। उनका प्यारा साथी अपने पीछे एक ऐसा खालीपन छोड़ जाता है, जिसे भरना नामुमकिन सा लगता है। लेकिन, न्यूयॉर्क की एक महिला के लिए यह विदाई कभी पूरी तरह से नहीं हुई। इसके बजाय, उसने अपनी बिल्ली को हमेशा अपने पास रखने का एक अनोखा तरीका चुना। बॉडी पियर्सर का काम करने वाली मेघन रिले ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें दिखाया गया है कि उन्होंने अपनी प्यारी बिल्ली को कैसे याद किया। अलविदा कहने के बजाय, उन्होंने उसे फ्रीज़-ड्राई करके प्रिज़र्व करवा लिया, ताकि बिल्ली उनके साथ रह सके।


Dr. Juneja's
पेट सफा®
Divisa
www.divisastore.com
Natural Laxative
Granules & Tablets
No More ज़ोर
पेट सफा लो हर रोज...
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्याओं से परेशान हैं तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।
कब्ज़ • गैस
एसिडिटी
No. 1 BRAND
INDIA 2016
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.
20% EXTRA
पेट सफा टेबलेट्स
Natural Laxative TABLETS
Natural Laxative GRANULES
EFFECTIVE RELIEF FROM CONSTIPATION
24x7 Helpline: 91197 88888 | www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores
UIN-A09-AY-PB-2025


# मानवता की मिसाल है ये डॉक्टर बेटी होने पर नहीं लेते कोई फीस

**पुणे।** दुनिया में अब भी मानवता जिंदा है, इसका ताजा उदाहरण दिया है डॉ. गणेश राख, जिनकी इंस्पायरिंग कहानी हाल में उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया पर शेयर की है। आनंद महिंद्रा ने डॉ. गणेश की असाधारण करुणा और मानवता की प्रशंसा की। इस डॉक्टर की कहानी आईएएस अधिकारी डी. प्रशांत नायर ने ऑनलाइन शेयर की थी। जिसके बाद आनंद महिंद्रा की नजर इस पर पड़ी और वह खुद को इसे पोस्ट करने से रोक नहीं पाए। नायर की पोस्ट के अनुसार, एक दिहाड़ी मज़दूर ने अपनी पत्नी को प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था, जबकि उसे चिंता थी कि सिजेरियन सेक्शन का खर्च उठाने के लिए उसे अपना घर गिरवी रखना पड़ेगा। बच्चे के जन्म के बाद, चिंतित पिता ने डॉक्टर से बच्चे के लिंग के बारे में पूछा। डॉ. राख ने जवाब दिया, 'आपके घर एक परी आई है।' अस्पताल की फीस के बारे में पूछने में पिता की झिझक को देखते हुए, डॉ. राख ने कहा, 'जब परियां पैदा होती हैं, तो मैं कोई फीस नहीं लेता।'



### आनंद महिंद्रा की पोस्ट

आनंद महिंद्रा ने अपने पोस्ट में लिखा, 'दो बेटियों का पिता होने के नाते, मैं दो बात जानता हूं कि जब आपके घर में एक परी का जन्म होता है तो कैसा लगता है।.. लेकिन यह डॉक्टर भी एक फरिश्ते है। कृपा और उदारता के फरिश्ते। और इस पोस्ट ने मुझे याद दिलाया है कि हफ़्ते की शुरुआत करने का इससे ज़्यादा प्रभावशाली तरीका और कोई नहीं है कि आप खुद से पूछें कि आपके लक्ष्य और आपका काम आपके समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव कैसे डालेगा।'

### 2007 से कर रहे मुफ्त प्रसव

गौरतलब है कि डॉ. गणेश राख एक दशक से भी ज़्यादा समय से अपने अस्पताल में जन्मी बच्चियों का प्रसव फीस माफ़ कर रहे हैं। 2007 में अपना अस्पताल खोलने के बाद से, उन्होंने अपनी 'बेटी बचाओ' पहल के तहत एक हज़ार से ज़्यादा लड़कियों का निःशुल्क प्रसव कराया है।

# नाइजीरिया के बच्चों ने देवा श्री गणेशा पर किया धमाकेदार डांस

**लागोस।** नाइजीरिया में छात्रों के एक समूह ने फिल्म अग्निपथ के प्रसिद्ध बॉलीवुड गीत 'देवा श्री गणेशा' पर एक लाइव परफॉर्मेंस देकर सबका दिल जीत लिया है। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में लाल रंग के कपड़े पहने छात्रों का समूह जोशीले बीट्स पर थिरकता हुआ दिखाई दे रहा है। उनके चेहरे के भाव ऊर्जा और खुशी से भरे हुए थे। क्लिप के साथ एक नोट लिखा था, 'नमस्ते भारत, हमें उम्मीद है कि आपको यह पसंद आएगा।' गणेश चतुर्थी के अवसर पर खूब धूम मचा रहा यह वीडियो तेज़ी से वायरल हो गया और इसे 96 लाख से ज़्यादा बार देखा जा चुका है। लोगों को यह डांस वीडियो इतना पसंद आ रहा है कि कमेंट्स की बाढ़ आ गई है, जो नाइजीरियाई छात्रों के परफॉर्मेंस से बहुत इंप्रेस हुए हैं।




पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)
जहाँ सेवा ही जीवन-ध्येय है
अंचल: द्वितीय तल, सीआई स्क्वायर के पास, नयापुरा, कोलार रोड, अकबरपुर, मेन कोलार रोड, भोपाल -462042 फोन : 0755-4249988, 4243700, 4203836
पंजाब एण्ड सिंध बैंक जगदलपुर जिला-बस्तर में शाखा हेतु कमर्शियल परिसर जो भूतल पर स्थित हो तथा जिसका कारपेट क्षेत्रफल 1000-1200 वर्गफिट तक हो, लीज आधार पर कम से कम 15 वर्ष हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट www.punjabandsindbank.co.in देखें।
आंचलिक प्रबंधक, भोपाल


# सिर से गिरे बाल बना रहे मालामाल दिल्ली-मुंबई की मंडी में भारी डिमांड

**नई दिल्ली।** अभी तक आपने काजू बादाम और अन्य सामग्री बाजार में बिकते हुए देखी होगी, लेकिन क्या महिलाओं के शरीर के बाल को बिकते हुए देखा है, तो तब बात सही है। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में महिलाओं के सिर से निकलने वाले बाल बिकते हैं और इसका दाम भी ड्राई फ्रूट से दोगुना महंगा है। 3000 से 4000 किलो तक फेरी लगाने वाले इन बालों को खरीदते हैं। फेरी लगाने वाले असलम का कहना है कि इस व्यवसाय से बुरहानपुर में करीब 50 से अधिक लोग जुड़े हुए हैं, जो रोज सुबह बाल खरीदने के लिए लोगों के घर-घर जाते हैं। महिलाएं भी इन बालों को एकत्रित कर कर रखती है, जो सिर से निकले हुए बाल होते हैं। वही बाल महिलाओं के बिकते हैं, जो 4000 किलो तक बिक रहे है। मुंबई, दिल्ली और कोलकाता की मंडी में इन बालों की अधिक डिमांड होती है। इस से नकली बालों की टोपियां और कई प्रकार के आइटम बनाए जाते हैं। इसलिए उनकी डिमांड बढ़ती जा रही है।



### बाल खरीदने वाले लोगों ने दी जानकारी

शिकारपुरा क्षेत्र में रहने वाले असलम ने बताया कि दिल्ली, मुंबई, कोलकाता में महिलाओं के सिर से निकलने वाले बालों की बहुत डिमांड है। इसलिए, हम फेरी लगाकर महिलाओं से बाल खरीदने हैं। 3000 किलो तक हम खरीदते हैं और 4000 किलो तक हम व्यापारियों को बेचते हैं। बुरहानपुर जिले से रोजाना एक से डेढ़ किलो बाल एकत्रित हो जाते हैं। महिलाएं भी यह बाल जमा कर कर रखती है। जब भी फेरी लगाने वाला आता है तब बेच देती हैं।

### ड्राई फ्रूट से दोगुना महंगे बिकते हैं बाल

महिलाएं जब भी सुबह के समय में अपने बाल नहा कर बनाती है। कंघी में जो महिलाओं के सिर से बाल निकलते हैं। वह बाल ड्राई फ्रूट से भी दोगुना महंगे बिकने हैं। ड्राई फ्रूट कि यदि बाजार में बात करें तो वह हजार से 1200 किलो तक बिकता है, लेकिन यह बाल तीन से 4000 किलो तक बिकते हैं और गली-मोहल्ले में लोग खरीदने के लिए आने लगे हैं। महिलाएं भी 50 से 100 ग्राम बाल एकत्रित होने पर बेच देती है।


IndusInd Bank
पंजीकृत कार्यालय: 2401, जनरल थिम्मय्या रोड, छावनी, पुणे-411 001.
वेबसाइट: www.indusind.com | सीआईएन: L65191PN1994PLC076333

शाखा स्थानांतरण सूचना

हम निम्नलिखित शाखा को नए पते पर स्थानांतरित कर रहे हैं।

| | |
|---|---|
| शाखा का नाम / कोड | शंकर नगर / 0758 |
| पुराना पता | खसरा नं. 478, जीवन अपार्टमेंट, ग्राउंड फ्लोर, शॉप नं. 18, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492 004 |
| पुरानी शाखा में बैंकिंग और लॉकर सेवाएँ इस दिनांक तक उपलब्ध हैं | 21 नवंबर, 2025 |
| नया पता | नीलय आइकोनिक, ग्राउंड फ्लोर, 28/620, प्रिज्म मेडिकल के सामने, मेन रोड, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492 004 |
| नई शाखा के पते पर बैंकिंग और लॉकर सेवाएँ इस दिनांकसे आरंभ होगी | 24 नवंबर, 2025 |

सभी शाखा ग्राहकों को विस्तृत सूचना भेजी जाएगी।
सहायता के लिए, कृपया निम्नलिखित प्रतिनिधियों से संपर्क करें।

| | | |
|---|---|---|
| सिद्धार्थ जौहरी (बी.एम) | 9713764676 | skch@indusind.com |
| रश्मि भरतद्वाज (डी.बी.एम) | 7748865488 | skch@indusind.com |

स्थान: मुंबई
दिनांक: अगस्त 29, 2025
इंडसइंड बैंक लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/-
अधिकृत हस्ताक्षरी

## चिंतन

# क्यों आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा सोना

पीली धातु यानि सोना आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। महिलाओं में आभूषणों की चाहत की सबसे उपयोगी धातु आसमान पर पहुंच गई है। 28 अगस्त को सोने के दाम अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए। सोना 622 रुपये बढ़कर 1,01,506 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हो गया। इससे पहले 1,00,884 रुपये पर था। वहीं चांदी की कीमत भी 1,240 रुपये बढ़कर 1,17,110 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,15,870 थी। आम आदमी की पहुंच से सोने के फिसलने के एक नहीं अनेक कारण हैं। पहला कारण दुनिया भर में लगातार बढ़ रहा तनाव है। इतिहास गवाह है कि जब भी दुनिया पर कोई मुसीबत आती है, सोने की कीमत तेजी से बढ़ने लगती है। जब दुनिया में डर का माहौल होता है, तो लोग सोना खरीदते हैं। सोने को एक सुरक्षित ठिकाना माना जाता है। डिमांड बढ़ने से सोने की कीमत में तेजी आई है। दूसरा कारण है ग्लोबल इकोनॉमी की हालत। अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान जैसे बड़े देशों की अर्थव्यवस्था सुस्त पड़ रही है। इससे दुनिया में मंदी की आशंका है। मंदी से बिजनेस प्रभावित होगा और इसलिए लोग सोना खरीद रहे हैं ताकि उनका पैसा सुरक्षित रहे। सोने में तेजी का एक बड़ा कारण महंगाई भी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है। इससे महंगाई बढ़ना तय माना जा रहा है। सोना महंगाई से बचाता है। इसके अलावा दुनिया के अनेक बैंक लगातार सोना खरीद रहे हैं, जिसके चलते उत्पादन से कहीं ज्यादा डिमांड हो गई है। चीन, भारत, तुर्की और पोलैंड जैसे देशों के सेंट्रल बैंक जमकर सोना खरीद रहे हैं। वे अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि सोने का भंडार ज्यादा होने के बाद विश्व स्तर पर उनकी अहमियत बढ़ेगी, अमेरिका की डॉलर मोनोपोली पर भी लगाम लगाई जा सकेगी। गोल्ड में उछाल का एक कारण डॉलर का कमजोर होना भी माना जा रहा है। जब डॉलर कमजोर होता है, तो विदेशियों के लिए सोना खरीदना सस्ता हो जाता है। इससे सोने की मांग बढ़ जाती है। जब मांग बढ़ती है तो दाम उछलना स्वाभाविक है। इसके अलावा देशों के साथ-साथ आम आदमी भी सोने को सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहा है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव हो रहा है और बॉन्ड से भी ज्यादा फायदा नहीं हो रहा है। ऐसे में आम लोग सोना खरीद रहे हैं। इससे कीमतें बढ़ रही हैं। दुनिया भर में ब्याज दरें कम होना भी सोने के दाम बढ़ने का एक कारण है। बैंक में ब्याज कम हो रहा है। भारत में आरबीआई लगातार रेपो रेट में कटौती कर चुका है। भारत में कई बैंकों ने एफडी और सेविंग अकाउंट्स पर ब्याज दरों में कटौती की है। अमेरिका में भी फेड रिजर्व के आने वाले दिनों में ब्याज दरों में कटौती करने की उम्मीद है। जब ब्याज दरें कम होती हैं, तो सोना रखने का फायदा बढ़ जाता है। आम निवेशक को लगता है कि सोना ब्याज से ज्यादा फायदा देगा। इसी चाह में सोने के दाम आसमान पर पहुंच रहे हैं। एक तरफ तो मांग बढ़ रही है वहीं दूसरी ओर सोने का उत्पादन लगातार कम हो रहा है। सप्लाई और मांग में अंतर से कीमतें बढ़ रही हैं। सोने की कीमत में ज्यादा गिरावट की संभावना आसपास नजर नहीं आ रही। अगर दुनिया में तनाव और बढ़ता है तो कीमतें कम होना तो दूर इसमें ज्यादा उछाल आ सकता है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि आने वाले दिनों में दुनिया में परिस्थितियां कैसी रहती हैं।



समसामयिक
गौरव द्विवेदी

# टिकट टू बॉलीवुड

**फिल्म उद्योग को अपनी टिकट की कीमतें निर्धारित करने में सावधानी बरतनी चाहिए और दर्शकों की संख्या और आय दोनों को संतुलित करने के लिए एक उपयुक्त टिकट मूल्य निर्धारण रणनीति अपनानी चाहिए। सिनेमा टिकट की कीमतें भारतीय फिल्म उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा रही हैं। बढ़ती कीमतें दर्शकों की संख्या को प्रभावित कर सकती हैं, जबकि कम कीमतें फिल्म उद्योग की आय को प्रभावित कर सकती हैं। 2019 में, जब कई सिनेमा हॉल ने अपनी टिकट की कीमतें बढ़ाईं, तो दर्शकों की संख्या में कमी आई।**

हाल ही में कर्नाटक सरकार द्वारा सिनेमा की टिकट की अधिकतम क़ीमत 200 रुपये निर्धारित की गई। है ये एक अच्छी और स्वागत योग्य पहल जिससे लोगों को सस्ता मनोरंजन मिलेगा और फ़िल्म उद्योग को भी फ़ायदा होगा। ये एक सराहनीय पहल है! सिनेमा टिकट की कीमतें भारतीय फिल्म उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। सुपरहिट फिल्में और दोबारा से रिलीज़ हुई फिल्में दर्शाती हैं कि दर्शक सिनेमा देखने के लिए तैयार हैं, लेकिन टिकट की कीमतें और करों का प्रभाव फिल्म उद्योग की आय पर पड़ता है। फिल्म उद्योग को अपनी टिकट की कीमतें निर्धारित करने में सावधानी बरतनी चाहिए और दर्शकों की संख्या और आय दोनों को संतुलित करने के लिए एक उपयुक्त टिकट मूल्य निर्धारण रणनीति अपनानी चाहिए। सिनेमा टिकट की कीमतें भारतीय फिल्म उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा रही हैं। बढ़ती कीमतें दर्शकों की संख्या को प्रभावित कर सकती हैं, जबकि कम कीमतें फिल्म उद्योग की आय को प्रभावित कर सकती हैं। 2019 में, जब कई सिनेमा हॉल ने अपनी टिकट की कीमतें बढ़ाईं, तो दर्शकों की संख्या में कमी आई। उदाहरण के लिए, एक प्रमुख मल्टीप्लेक्स चेन ने अपनी टिकट की कीमतें 20 प्रतिशत बढ़ाईं, जिसके परिणामस्वरूप दर्शकों की संख्या में 15 प्रतिशत की कमी आई। दूसरी ओर, जब कुछ सिनेमा हॉल ने अपनी टिकट की कीमतें कम कीं, तो दर्शकों की संख्या में वृद्धि हुई। उदाहरण के लिए, एक सिनेमा हॉल ने अपनी टिकट की कीमतें 10 प्रतिशत कम कीं, जिसके परिणामस्वरूप दर्शकों की संख्या में इजाफा देखने को मिला।

***अगर सिनेमा के धंधे को बढ़ाना है तो तीन चीज़ों पर ध्यान देने की ज़रूरत है-***

पहला टिकटों की क़ीमत कम हो और उसपर लगने वाला मनोरंजन कर तर्कसंगत हो।

दूसरा देश में इस समय 9742 सिनेमा स्क्रीन हैं जिसमें सैंतालिस प्रतिशत दक्षिण भारत में हैं लिहाज़ा देश के हर कोने में सिनेमा स्क्रीन का बढ़ना जरूरी है। फिक्की की रिपोर्ट के मुताबिक़ सिनेमा स्क्रीन की तादाद हर साल 4 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है लेकिन अगर उसकी आप अमेरिका और चीन से तुलना करें तो काफ़ी कम है।

तीसरा तरीक़ा है जो काफ़ी हद तक कारगर हुआ है। वो है नैशनल सिनेमा डे का अवतरण! इस दिन सिनेमा के दाम पूरे देश में 99 रुपए कर दिए जाते हैं और जिसका असर दर्शकों की बढ़ती संख्या में देखने को मिला है।कई पुरानी फ़िल्में जैसे लैला मजनूं , तुम्बाड और सनम तेरी क़सम दोबारा रिलीज़ की गई और उन्होंने बॉक्स ऑफ़िस पर बंपर कमाई करी!

नेशनल सिनेमा डे कोरोना से निपटने के लिए मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ने सितंबर 2022 में मनाना शुरू किया। पिछले साल 20 सितंबर को नेशनल सिनेमा डे का असर ख़ासतौर पर देखने को मिला।



2017 में रिलीज़ हुई बाहुबली 2 ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ दिए। फिल्म की टिकट की कीमतें 200 रुपए से 1,000 रुपए तक थीं, लेकिन दर्शकों ने इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में टिकट खरीदे। फिल्म ने 1,800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की।

2016 में रिलीज़ हुई दंगल ने भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म की टिकट की कीमतें 150 रुपए से 500 रुपए तक थीं, लेकिन दर्शकों ने इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में टिकट खरीदे। फिल्म ने 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की।

1975 में रिलीज़ हुई शोले को हाल ही में 4के में दोबारा से रिलीज़ किया गया था। फिल्म की टिकट की कीमतें 200 से 500 रुपए तक थीं, और दर्शकों ने इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में टिकट खरीदे। फिल्म ने 50 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की।

1960 में रिलीज़ हुई मुगल-ए-आजम को भी दोबारा से रिलीज़ किया गया था। फिल्म की टिकट की कीमतें 100 से 300 रुपए तक थीं, और दर्शकों ने इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में टिकट खरीदे।

***अब बात भारत में मनोरंजन कर की जो राज्य सरकार द्वारा लगाया जाता है, और इसकी दरें राज्य से राज्य में भिन्न होती हैं। उदाहरण के लिए-***

महाराष्ट्र में मनोरंजन कर की दर 45 प्रतिशत है।

तमिलनाडु में मनोरंजन कर की दर 30 प्रतिशत है।

कर्नाटक में मनोरंजन कर की दर 22 प्रतिशत है।

दिसंबर 2018 में फिल्मों के लिए दो जीएसटी स्लैब घोषित किए गए थे। 100 रुपए तक के टिकट पर 12 फीसदी और इससे ज्यादा दाम के टिकट पर 18 फीसदी। लेकिन वर्तमान में लागू जीएसटी स्लैब के अनुसार, 100 रुपए तक के टिकट पर 18 प्रतिशत और अधिक महंगे टिकट पर 28 प्रतिशत जीएसटी वसूला जा रहा है। यह जीएसटी परिषद द्वारा तय किया गया था, जिसका उद्देश्य फिल्म उद्योग और दर्शकों के हितों को साधना है।

अक्सर राज्यों से किसी फिल्म के टैक्स फ्री होने की खबरें आती हैं। दीपिका पादुकोण की फिल्म 'छपाक' को कई राज्यों ने टैक्स फ्री किया वहीं अजय देवगन की फिल्म 'तान्हाजीः द अनसंग हीरो' को टैक्स फ्री कर दिया। इसके अलावा साबरमती रिपोर्ट, छावा, दंगल को भी कई राज्यों ने टैक्स फ्री किया।

***सवाल ये है कि फिल्म के टैक्स फ्री होने पर उसका टिकट कितना सस्ता हो जाता है?***

जीएसटी स्लैब दो हिस्सों में बांटा जाता है-एक हिस्सा राज्य सरकार का (स्टेट जीएसटी) और दूसरा केंद्र सरकार का (सेंट्रल जीएसटी) को होता है।

जब कोई राज्य किसी फिल्म को टैक्स फ्री घोषित करता है तो सिर्फ उसके खाते का टैक्स ही माफ होता है. इस तरह अगर टिकट 100 रुपए का है तो 6 फीसदी और टिकट 100 रुपए से अधिक का है तो 9 फीसदी टैक्स।

सिनेमा हॉल मालिकों का कहना है कि जीएसटी लागू होने से पहले फिल्म टैक्स फ्री किए जाने का बड़ा असर होता था।तब हर राज्य अलग-अलग दर से मनोरंजन टैक्स वसूला करता था, उस स्थिति में राज्य सरकार पूरा टैक्स माफ कर देती थी। पूरे सिनेमा के व्यापार का लब्बोलुबाब ये है कि 10-15 प्रतिशत की गति से सालाना बढ़ने वाला फिल्मों के कारोबार को और मजबूत करना है तो सिनेमा की टिकटों का दाम कम होना और देश में सिनेमा स्क्रीन की संख्या में इजाफा करना लाज़मी और वक़्त की ज़रूरत है।

*-लेखक फिल्म पॉलिसी के जानकार हैं।*

## रायसीना हिल

विवेक शुक्ला



# देश के अहम फैसलों की मूक गवाह हैं नॉर्थ-साउथ ब्लॉक

स्वतंत्र भारत की दो सबसे खास सरकारी इमारतों में शामिल साउथ-नॉर्थ ब्लॉक का अब संध्याकाल शुरू हो गया है। राजधानी के रायसीना हिल पर बने नॉर्थ और साउथ ब्लॉक भारत के शासन का अहम हिस्सा रहे हैं। ये आइकॉनिक सचिवालय इमारतें भारतीय प्रशासन का केंद्र रही हैं, जो औपनिवेशिक और स्वतंत्र भारत के दौर में सत्ता और निरंतरता का प्रतीक बनीं। अब, जल्द ही ये दोनों इमारतें खाली होने वाली हैं। यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) साउथ ब्लॉक से कुछ सौ मीटर दूर बने नए एग्जीक्यूटिव एनक्लेव-1 में सितंबर 2025 तक शिफ्ट हो सकता है। वहीं, गृह मंत्रालय और कार्मिक मंत्रालय लगभग पूरी तरह कर्तव्य भवन-3 में स्थानांतरित हो चुके हैं, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने की शुरुआत में किया था। बीते दौर के पन्नों को खंगालते हैं। अगस्त 1947 में जैसे-जैसे 15 अगस्त यानी देश की आजादी का दिन, नजदीक आ रहा था, राजधानी के साउथ और नॉर्थ ब्लॉक के कुछ कमरों की बत्तियां लगभग पूरी रात जलती रहती थीं। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रधानमंत्री पंडित नेहरू अपने साउथ ब्लॉक के ऑफिस में स्टाफ के साथ दिन-रात काम कर रहे होते थे ताकि आजादी और देश के बंटवारे की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे सकें। वहीं, नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्री सरदार पटेल देर रात तक काम करते थे ताकि 562 रियासतों को भारतीय संघ में सुचारू रूप से शामिल किया जा सके। लैरी कॉलिन्स और डोमिनिक लैपिएर ने अपनी शानदार किताब फ्रीडम एट मिडनाइट में उन दिनों के साउथ और नॉर्थ ब्लॉक का बेहतरीन तरीके से वर्णन किया है। नॉर्थ और साउथ ब्लॉक भारत के शासन का केंद्र इसलिए रहे हैं क्योंकि ये देश के प्रशासनिक दिल की तरह काम करते हैं। साउथ ब्लॉक में प्रधानमंत्री कार्यालय, रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय हैं, जबकि नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्रालय और वित्त मंत्रालय हैं। ये मंत्रालय आंतरिक सुरक्षा से लेकर आर्थिक नियोजन तक, राष्ट्रीय नीतियों के अहम पहलुओं को देखते हैं, जिससे ये इमारतें सरकार के कामकाज के लिए अहम रही हैं। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान साउथ ब्लॉक भारत का नर्व सेंटर बन गया था। यहां प्रधानमंत्री कार्यालय और रक्षा मंत्रालय थे। एक कमरे में 'वॉर रूम' बनाया गया था, जहां पूरे युद्ध की रणनीति और निगरानी होती थी। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारियों की अहम बैठकें यहीं होती थीं। कहा जाता है कि इंदिरा गांधी का दृढ़ नेतृत्व और मानेकशॉ की बेबाक सैन्य सलाह इन कमरों में गूंजती थी। हाल ही के ऑपरेशन सिंदूर में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साउथ ब्लॉक के ऑफिस में भारत की रक्षा सेनाओं के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की थी। अब इन दोनों में संग्रहालय बनेंगे। 1911 में राजधानी कोलकाता से दिल्ली स्थानांतरित होने के बाद ब्रिटिश नौकरशाही के लिए बनाए गए ये ब्लॉक 1947 में स्वतंत्र भारत की सत्ता के केंद्र बन गए। विजय चौक पर हर साल होने वाला बीटिंग रिट्रीट समारोह, जो इन दोनों ब्लॉकों के बीच होता है, इनकी सांस्कृतिक और राष्ट्रीय अहमियत को और बढ़ाता है। सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत 2025 के अंत तक इन्हें संग्रहालय में बदलने की योजना है, लेकिन इनकी वास्तुशिल्प और ऐतिहासिक कीमत उन्हें हमेशा प्रिय बनाए रखेगी। संजय बारू अपनी किताब द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर में लिखते हैं, "1991 में भारत एक गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा था। नॉर्थ ब्लॉक में वित्त मंत्रालय में प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव और वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने एक ऐतिहासिक बजट तैयार किया, जिसने भारत की अर्थव्यवस्था को हमेशा के लिए बदल दिया। बजट पेश करने से पहले पूरी गोपनीयता बरती गई थी। जब डॉ. मनमोहन सिंह ने संसद में अपना भाषण खत्म किया, तो उन्होंने विक्टर ह्यूगो के शब्दों को उद्धृत किया: 'कोई ताकत उस विचार को नहीं रोक सकती, जिसका समय आ गया है।" इन शानदार इमारतों का निर्माण 1929 में 1.75 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हुआ था। हर्बर्ट बेकर ने इनको डिजाइन किया था। वे चोटी के आर्किटेक्ट थे और नई दिल्ली के चीफ आर्किटेक्ट एडविन लुटियंस के सहयोगी थे। हालांकि साउथ और नॉर्थ ब्लॉक के ऑफिस जल्द ही दूसरी जगह शिफ्ट होंगे, एक चीज़ नहीं बदलेगी, बंदर। दशकों से, सैकड़ों बंदर इन ब्लॉकों के आसपास परेशानी का सबब बने हुए हैं। वे कर्मचारियों के हाथों से खाना छीन लेते हैं और कभी-कभी तो अहम फाइलें और दस्तावेज़ भी लेकर भाग जाते हैं। बहरहाल, नॉर्थ और साउथ ब्लॉक सिर्फ़ पत्थर और ईंट की इमारतें नहीं हैं, बल्कि भारत के हर राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक उतार-चढ़ाव के मूक गवाह हैं।

( ये उनके अपने विचार हैं।)

# पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश को देवता का दर्जा



संकलित
दर्शन

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्नेत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं। त्रेता युग में रावण ने भी खर और दूषण नामक पर्यावरण-शत्रु तैनात किया था।

# रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित
प्रेरणा

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### राजनीति में आकर नेता अपने वादे भूल जाते हैं

अगर किसी को अमीर बनना है तो वो राजनीति में आ जाए। भीड़ में से एक इनसान को चुना जाता है ताकि वो लोगों की तकलीफों को दूर करे। लेकिन चुनाव के बाद जनप्रतिनिधि अपने वायदे भूल जाते हैं। हमारे देश भारत में राजनीति के नकारात्मक पहलू देखे जा सकते हैं। जो भी राजनीति में आता है, अमीर ही अमीर बनता जाता है।क्या नेता, लोगों की गरीबी को दूर करते-करते अमीर हो गए हैं या कुछ और? न्यूज चैनल वाले बताते हैं कि किस जगह का कौनसा नेता कितना अमीर है, कितनी संपत्ति है उसके पास। क्या इन लोगों को पता है कौन कितना गरीब होता जा रहा है, कितनों के पास दो टाइम का खाना नहीं है, कितने लोग बिना छत के हैं। जितनी सैलरी नेताओं को दी जाती है, उतनी अच्छे पढ़े-लिखे लोगों को भी नहीं दी जाती है।

*- नरेन्द्र तिवारी, सरायपाली*

## ट्रेंड

### यूनिवर्सिटी विशेष बसें



आज से शुरू हुईं 25 यूनिवर्सिटी विशेष बसें विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, भरोसेमंद और समर्पित कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेंगी। इन बसों का शेड्यूल कॉलेज टाइमिंग्स के साथ तालमेल में रखा गया है ताकि विद्यार्थियों को अधिकतम सुविधा मिल सके।

**-रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली**

### तृणमूल छात्र परिषद



तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस पर सभी सदस्यों को बधाई। बंगाल को और भी उन्नत व मजबूत बनाने के लिए हमारे संघर्ष में वे भी शामिल हैं। मैं अपने युवा साथियों से कहना चाहती हूं, किसी भी परिस्थिति में अन्याय से समझौता न करें। अपना मस्तक ऊंचा करके जिएं।

**-ममता बनर्जी, सीएम, पं. बंगाल**

### किसान-व्यापारी बर्बाद होंगे



आज हमारा देश दो तरफ़ से मार खा रहा है। एक तरफ़ ट्रंप ने 50% टैरिफ लगाकर हमारी इंडस्ट्री को खत्म करने की साज़िश की और दूसरी तरफ़ मोदी जी ने अमेरिका के माल पर टैरिफ ही हटा दिया। अब भारत का किसान और व्यापारी दोनों बर्बाद होंगे।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### एसआईआर की जरूरत



झारखंड में 2019-24 के बीच मतदाता सूची में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। बड़ी संख्या में घुसपैठियों के नाम जुड़े हैं। यहां एसआईआर की सख्त जरूरत है, राज्य सरकार को इस प्रक्रिया में हरसंभव सहयोग करना चाहिए।

**- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## करंट अफेयर

# विदेशी छात्रों का अमेरिका में रहना अब होगा सीमित

ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में विदेशी छात्रों और मीडियाकर्मियों के लिए वीजा की अवधि सीमित करने का प्रस्ताव रखा है। आंतरिक सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यदि प्रस्तावित नियम को अंतिम रूप दिया जाता है तो विदेशी छात्रों समेत कुछ वीजा धारकों के अमेरिका में रहने की अवधि सीमित हो जाएगी। साल 1978 से, विदेशी छात्रों को 'एफ' वीजा के तहत अनिर्दिष्ट अवधि के लिए अमेरिका में प्रवेश दिया जाता रहा है। डीएचएस ने कहा कि अन्य वीजा के विपरीत एफ वीजा धारकों को बिना किसी अतिरिक्त जांच-पड़ताल के अनिश्चित समय तक अमेरिका में रहने की अनुमति होती है। डीएचएस प्रवक्ता ने कहा, लंबे समय से, पिछले प्रशासनों ने विदेशी छात्रों और अन्य वीजा धारकों को अमेरिका में लगभग अनिश्चितकाल तक रहने की अनुमति दी है, जिससे सुरक्षा जोखिम पैदा हुआ है, करदाताओं के पैसे की भारी हानि हुई है, और अमेरिकी नागरिकों को नुकसान हुआ है।प्रवक्ता ने कहा, यह नया प्रस्तावित नियम कुछ वीजा धारकों के अमेरिका में रहने की अवधि को सीमित कर इस दुरुपयोग को हमेशा के लिए समाप्त कर देगा।



## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा – 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# एक ही परिवार ने बनाई पांच धांसू फिल्में सभी में नजर आया एक जैसा पैटर्न

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई परिवार फिल्म मेकिंग के बिजनेस से जुड़े हैं। बॉलीवुड में एक ऐसा परिवार है जिसके सदस्यों ने समय-समय पर 5 ऐसी फिल्में बनाईं, जिनका पैटर्न काफी हद तक ऐसा जैसा ही था। इन पांचों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। सभी फिल्में ब्लॉकबस्टर निकलीं और सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। हम बात कर रहे हैं भट्ट फैमिली और उनके रिश्तेदारों की। फिल्मकार महेश भट्ट और उनके परिवार से जुड़े सदस्यों ने पिछले 34 साल में पांच ऐसी फिल्में बनाईं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की।*

**आशिकी :** सबसे बात करते हैं 1990 में आई आइकॉनिक रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म आशिकी की। इस फिल्म को महेश भट्ट ने डायरेक्ट किया था। राहुल रॉय, अनु अग्रवाल, दीपक तिजोरी लीड रोल में थे। नदीम-श्रवण का म्यूजिक, समीर के गीत सुपरहिट रहे थे। दिल का आलम, बस एक सनम चाहिए, नजर के सामने और धीर धीरे से मेरी जिंदगी में आना जैसे गानों ने 90 के दशक में धूम मचा दी थी। हर गली-मोहल्लों, बस-ऑटो, पान की दुकानों पर ये गाने सुनाई देते थे। 90 लाख के बजट में बनी इस फिल्म ने 5 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी।

**राजा हिंदुस्तानी :** 1996 में महेश भट्ट के भांजे धर्मेश दर्शन एक फिल्म लेकर आए थे। नाम था : राजा हिंदुस्तानी। करीब 5 करोड़ के बजट में बनी इस मूवी ने वर्ल्डवाइड 76 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। यह फिल्म 1996 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी और ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। फिल्म में रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और इमोशन्स का पूरा डोज था। नदीम-श्रवण के म्यूजिक से सजी इस फिल्म के गाने बहुत पॉप्युलर हुए थे 'परदेसी परदेसी जाना नहीं' तो सबसे ज्यादा सुना गया था।



**राज :** महेश भट्ट 2002 में एक बार फिर से महेश भट्ट ने पर्दे पर वापसी की। इस बार वह हॉरर-रोमांटिक फिल्म 'राज' लेकर आए थे। हॉरर जॉनर की इस फिल्म में बिपाशा बसु और डिनो मोरिया लीड रोल में थे। 5 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 37 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। यह उस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी।

**आशिकी 2 :** 2013 में महेश भट्ट के भांजे मोहित सूरी के निर्देश में बनी फिल्म 'आशिकी 2' रिलीज हुई थी जिसमें आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर थे. इस फिल्म का म्यूजिक भी कमाल का था। खासकर 'तुम ही हो' और 'सुन रहा है ना तू' गाना बहुत पॉपुलर हुआ था। ये 1990 की 'आशिकी' का सीक्वल थी। यह इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।

**सैयारा :** 2025 में पूरे 12 साल बाद मोहित सूरी के निर्देशन में बनी एक और रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया। 18 जुलाई 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा लीड रोल में नजर आए। फिल्म को लेकर युवाओं में एक अलग ही क्रेज देखने को मिला।

कई दर्शक थिएटर्स में रोते नजर आए थे। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हुए थे। यशराज फिल्म्स ने इसे प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 2004 की कोरियन फिल्म 'ए मोमेंट ऑफ रेमेंबर' से इंस्पायर्ड है। 45 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने करीब 300 करोड़ का बिजनेस किया. यह एक ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई।

# नए लुक में दीपिका के साथ बप्पा का आशीर्वाद लेते दिखे रणवीर

**मुंबई।** गणेश चतुर्थी का त्योहार बॉलीवुड सितारों के लिए हमेशा खास रहा है। इस बार अंबानी परिवार के एंटीलिया स्थित वार्षिक गणेश पूजा में बॉलीवुड का पावर कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण सुर्खियों में रहा। लंबे समय से अपने गाढ़ी दाढ़ी और लंबे बालों वाले लुक में दिख रहे रणवीर इस बार एकदम अलग अंदाज में नज़र आए। उन्होंने दाढ़ी-मूंछ साफ कर क्लीन-शेव लुक अपनाया, जो उनके आने वाली जासूसी थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' से एकदम हटकर है। इस इवेंट के दौरान दीपिका और रणवीर ने सिंगर हर्षदीप कौर और उनके पति से भी मुलाकात की। इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। दोनों कपल्स साथ में पोज देते हुए नजर आए। इस बार का गणेश चतुर्थी कपल के लिए और भी मायने रखता है, क्योंकि यह उनकी बेटी दुआ पादुकोण सिंह के जन्म के बाद पहली गणेश चतुर्थी है। दुआ अभी कुछ ही दिनों में अपना पहला जन्मदिन मनाने वाली हैं। गौरतलब है कि दीपिका और रणवीर ने अपनी बेटी की तस्वीरों को सार्वजनिक न करने का फैसला लिया है। हाल ही में एयरपोर्ट पर एक फैन द्वारा चुपके से वीडियो बनाने की



कोशिश पर दीपिका ने नाराजगी भी जताई थी। कुछ समय पहले दिए एक इंटरव्यू में रणवीर ने दीपिका के मातृत्व को लेकर भावुक बयान दिया था। उनके मुताबिक, दीपिका अब तक की अपनी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रही हैं।

# लालबागचा राजा के दर्शन करने सिद्धार्थ संग पहुंची जाह्नवी

**मुंबई।** जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म परम सुंदरी आज रिलीज हो रही है। दोनों इस फिल्म का खूब जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। अब फिल्म की रिलीज से एक दिन पहले दोनों लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान का दोनों का वीडियो सामने आया है। हालांकि, भीड़ में जाह्नवी थोड़ी अनकंफर्टेबल दिखती हैं। वीडियो में आप देखेंगे कि जाह्नवी भीड़ में आगे जाती हैं। उनके एक्सप्रेशन से साफ पता चल रहा है कि वह भीड़ में परेशान हो रही हैं। उसके पीछे वहीं सिद्धार्थ नजर आ रहे हैं। एक ने कमेंट किया, 'ऐसे भीड़ में क्यों भेजा, अगर वह अनकंफर्टेबल है तो?' जाह्नवी को कितना अजीब लग रहा है, समझ सकते हैं। एक ने यह भी लिखा कि ये देखकर अच्छा



लगा कि वीआईपी एंट्री नहीं है। बता दें कि फिल्म की कुछ दिनों से दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान की फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस से तुलना हो रही है। इस पर जाह्नवी ने कहा, वह हिट फिल्म थी और आइकॉनिंग भी। लेकिन दीपिका ने फिल्म में तमिलियन किरदार निभाया था। अगर आप इसके बारे में सोचें तो यह उन लोगों द्वारा किया जा रहा जनरलाइज किया जा रहा है जो दोनों फिल्मों की तुलना कर रहे हैं। मैं फिल्म में केरल से हूं। वहीं सिद्धार्थ ने कहा था कि वैसे दोनों फिल्में अलग हैं, लेकिन अगर कम्पैरिजन हो रहा है तो यह हमारे लिए कॉम्पलीमेंट है। बता दें कि परम सुंदरी को तुषार जलोटा ने डायरेक्ट किया है और इस फिल्म में इन दोनों के अलावा संजय कपूर भी हैं।

# परिवार के साथ मनाई गणेश चतुर्थी...

**मुंबई।** सलमान खान हर साल गणेश चतुर्थी परिवार के साथ सेलिब्रेट करते हैं। अब इस साल भी सलमान ने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ गणेश चतुर्थी सेलिब्रेट की। इस सेलिब्रेशन का वीडियो सामने आया है जहां सलमान के पैरेंट्स भाई, दोनों बहनें और उनका परिवार और उनके दोस्त भी अपने परिवार के साथ नजर आ रहे हैं। सलमान ने खुद वीडियो शेयर किया है, जिसकी शुरुआत होती है गणपति बप्पा से जिन्हें काफी खूबसूरती से सजाया है। पहले सलमान की मां सलमा और पिता सलीम खान आरती करते हैं साथ में। इसके बाद सोहेल खान आरती करते हैं। इसके बाद सलमान खान आरती करते हैं फिर अरबाज, बहन अलवीरा और छोटी बहन अर्पिता आरती करते हैं। सलमान के भांजे और भांजी इस दौरान नजर आ रहे हैं। और सबके चेहरे पर गणपति बप्पा के आने की खुशी नजर आ रही है। रितेश देशमुख भी पत्नी जेनेलिया और बच्चों के साथ वहां पहुंचे और उन्होंने साथ में आरती की।



## टीवी मसाला



# गाय के साथ शूट करना मेरे लिए जीवन बदलने वाला अनुभव

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/09/2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
दुर्ग, चारोदा स्क्वेयर भिलाई, 134110700018939, 134110700020069, 134110730028554, 8612, 8637, 8648, 8654, 8656, 8666, 8669, 8671, 8708, 8754, 8793, 8818, चौहान एस्टेट, 115880730032577, गुरुद्वारा स्टेशन रोड, 112310700025222, 6318, 112310730044671, 4682, 5008, 6795, कृष्णा थियेटर रोड, 125930700024752, 125930730018660, महाराजा चौक, 116770730020742, 1363, 1430, 1455, मालवीय नगर चौराहा, 116610730034056, 4109, 4115, नेहरू नगर भिलाई, 125780700021761, 1790, 125780730025377, 5475, 5492, न्यू बस स्टैंड दुर्ग, 126220730016806, 6860, 6861, पावर हाउस चौक भिलाई, 134030700036828, 134030730040627, 0628, 0629, 0750, 0770, 0791, संतराबाडी , 112610730020005, 0006, 0007, स्मिति नगर भिलाई, 115830730014898, महासमंद, सरायपाली छत्तीसगढ़, 138490730004265, रायपुर, बडाईपाडा, 113640700014186, 113640730007498, 8279, 8280, 8281, बनपुरी, 114590700028955, 8956, 8961, 114590730021788, बंसताल रायपुर, 124250730005695, बुधापारा रायपुर, 124430700023497, 124430700031491, देवेंद्रनगर रायपुर, 124680700015485, 5487, 124680730018483, कटोरा तालाब रायपुर, 131700700017022, 8334, 131700730016097, पचपेड़ीनाका चौक रायपुर, 128700700018476, 9257, 128700730022835, 2843, 2844, पंडरी रायपुर, 114140700022227, 2781, 114140730022068, 2109, संतोषी नगर रायपुर, 131480730028833, 8839, 8910, तेलीबंधा रायपुर, 123840700027884, 7951, 8664, 123840730025178, 5183, 5194, राजनंदगाव, डोंगरगढ़ राजनांदगांव 133670700012170, लालबाग राजनंदगाँव, 133880730044014, 4020, 4143,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 7076372064 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

## राशिफल

**मेष** - किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** - व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** - आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** - आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** - आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** - मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** - आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** - आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** - आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** - माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** - अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** - शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 5972



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़,भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश,पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख,नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा,लाभ-2
21. चिट्ठी,पत्र-2
22. जी,चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना,दबाना-3
28. दाड़म,एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी,पुलाव-3
34. मां,आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब,किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश,जन्मभूमि-3
3. दौड़ी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड,आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक,कणिका-2
14. थोड़ा,जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित,रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट,अभिमत-2
28. धरोहर,थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि,रोकड़-3
31. संधिपत्र,मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ़,तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

**शब्द पहेली -5971 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5982

मध्यम



■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहेली से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू नवताल - 5981 का हल**



## खबर संक्षेप

### सनश्योर एनर्जी ने किया एनवीवीएन के साथ करार




**नई दिल्ली।** सनश्योर एनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने उत्तर प्रदेश विद्युत निगम (यूपीपीसीएल) को बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली से 500 मेगावाट घंटे की अधिकतम बिजली आपूर्ति के लिए एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम के साथ समझौता किया है। इससे 125 मेगावाट/500 मेगावाट घंटा की क्षमता प्राप्त होगी।

# दोपहिया वाहन चालकों के लिए छोटी कारों का विकल्प लेकर आना जरूरीः मारुति चेयरमैन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर. सी. भार्गव ने बृहस्पतिवार को कहा कि निचले तबके के उपभोक्ताओं को जोखिम भरे दोपहिया वाहनों की जगह यात्री कारों का विकल्प देने के लिए कम कर स्लैब वाली छोटी कारें पेश करने की जरूरत है।

- कारों की कीमतें बढ़ जाने से कई लोग अब इन्हें खरीद नहीं पा रहे

भार्गव ने यहां कंपनी की 44वीं वार्षिक आम बैठक में कहा कि शुरुआती स्तर पर पेश की जाने वाली कारों की कीमतें बढ़ जाने से कई लोग अब इन्हें खरीद नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा, /"आज बहुत सारे लोग दोपहिया वाहन से यात्रा करते हैं। ये वाहन जोखिम से भरपूर होते हैं और पूरी तरह आरामदायक भी नहीं होते। इसलिए स्कूटर चलाने वालों के लिए हमें ऐसी छोटी कारें लाने पर विचार करना चाहिए।/"

## भार्गव ने कहा, कम कर स्लैब वाली कारों की जरूरत

### जापान ने ऐसी कारें पेश कर समस्या का समाधान किया

भार्गव ने कहा कि 1950 के दशक में जापान ने केई कारें पेशकर इसी तरह की समस्या का समाधान किया था। उन्होंने कहा कि ये कारें छोटी होती हैं, इनमें सुरक्षा नियम कम होते हैं और इन पर अन्य कारों की तुलना में कर भी कम लगता है। छोटी कारों की कीमतों में वृद्धि के कारणों पर विस्तार से बताते हुए भार्गव ने कहा कि वित्त वर्ष 2018-19 में यह निर्णय लिया गया था कि भारत में यूरोपीय सुरक्षा एवं उत्सर्जन मानकों को लागू किया जाना चाहिए।




*अधिक कीमत की कार खरीदने में असमर्थ : चेयरमैन ने कहा, "यही कारण है कि छोटी कारों की बिक्री में गिरावट आई और फिर कार उद्योग में समग्र नरमी देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि निचले तबके के कई लोग, जो दोपहिया वाहन खरीद रहे हैं और उनका उपयोग कर रहे हैं, वे अधिक कीमत वाली सुरक्षित कारें खरीदने में असमर्थ हैं।*

### सुरक्षा की दृष्टि से दोपहिया वाहन जोखिम भरे

भार्गव ने कहा, /"हमारा मानना है कि हमें इस स्थिति को इस तरह संतुलित करने की जरूरत है कि दोपहिया वाहन चलाने वाले लोग सुरक्षित कारों की तरफ जा सकें, क्योंकि सुरक्षा की दृष्टि से दोपहिया वाहन सबसे अधिक जोखिम भरे होते हैं।/" उन्होंने कहा कि छोटी कार खंड के पुनरुद्धार से कार उद्योग की समग्र वृद्धि तेजी से हो सकती है।

### अमेरिकी धौंस के खिलाफ डटे रहने की जरूरतः भार्गव



भार्गव ने कहा कि देश को शुल्क के मामले में अमेरिका की धौंस के आगे झुकना नहीं चाहिए। देश को अपनी गरिमा बनाए रखनी चाहिए और एकजुट होना चाहिए। भार्गव ने अमेरिकी शुल्क के कारण हाल के महीनों में वैश्विक अनिश्चितता के बारे में बात की। भार्गव ने कहा, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई मायनों में देशों को अपनी पारंपरिक नीतियों एवं संबंधों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया है।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी की रिपोर्ट

# विनिर्माण के दम पर जुलाई में औद्योगिक उत्पादन चार महीनों के उच्चतम स्तर 3.5 प्रतिशत पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण इस साल जुलाई में देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर चार महीने के उच्चतम स्तर 3.5 प्रतिशत पर पहुंच गई। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। देश के औद्योगिक उत्पादन ने इससे पहले मार्च 2025 में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी।औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन जुलाई, 2024 में पांच प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जून के अपने संशोधित आंकड़ों में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर को पिछले महीने के अस्थायी अनुमानों की तरह 1.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा।

### बिजली उत्पादन में मामूली बढ़ोतरी

नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि दर जुलाई 2025 में बढ़कर 5.4 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 4.7 प्रतिशत थी। खनन उत्पादन में 7.2 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसमें 3.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। पिछले महीने बिजली उत्पादन में मामूली 0.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 7.9 प्रतिशत थी।

**इससे पहले मार्च 2025 में 3.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की थी**

**खनन उत्पादन में 7.2 प्रतिशत की गिरावट आई**

**इसमें कच्चे माल और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का योगदान रहा**

### पूंजीगत वस्तु खंड में गिरावट

उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, पूंजीगत वस्तु खंड की वृद्धि जुलाई में घटकर पांच प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 11.7 प्रतिशत थी। टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं की वृद्धि समीक्षाधीन महीने में सुस्त पड़कर 7.7 प्रतिशत रह गई जबकि साल भर पहले की समान अवधि में यह 8.2 प्रतिशत थी।



### पिछला उच्चतम स्तर जनवरी 2025 में रहा

इन आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, /"विनिर्माण उत्पादन में वृद्धि जून 2025 के 3.7 प्रतिशत से उत्साहजनक रूप से बढ़कर जुलाई 2025 में छह महीने के उच्चतम स्तर 5.4 प्रतिशत पर पहुंच गई। इसमें निर्माण से जुड़े कच्चे माल और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का योगदान रहा।/" विनिर्माण क्षेत्र में पिछला उच्चतम स्तर जनवरी 2025 में 5.8 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

### गैर-टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन में मामूली वृद्धि

*जुलाई में उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन में 0.5 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक साल पहले इसमें 4.2 प्रतिशत की गिरावट आई थी। बुनियादी ढांचा एवं निर्माण क्षेत्र में जुलाई के दौरान 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 5.5 प्रतिशत थी।*

### प्राथमिक वस्तुओं को उत्पादन में गिरावट आई

*आंकड़ों से यह भी पता चला है कि प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में जुलाई में 1.7 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मध्यवर्ती वस्तुओं के क्षेत्र में विस्तार आलोच्य महीने में 5.8 प्रतिशत रहा, जबकि एक वर्ष पूर्व इसी महीने में यह सात प्रतिशत था।*

### सोने में 300 रुपए की तेजी, चांदी स्थिर

*नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 300 रुपये बढ़कर 1,01,570 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। कमजोर डॉलर, फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कमी की उम्मीद और शुल्क घटनाक्रमों ने कीमतों में उतार-चढ़ाव को बढ़ावा दिया है। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,01,270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 200 रुपये बढ़कर 1,01,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। बुधवार को यह 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।*

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**GANGA PUMP CANAL DIVISION, SAHIBGANJ**

**e- Procurement Tender Notice (2nd Call)**
**e-Tender Reference no.- WRD/GPCDIV/SBG/SBD/04/2025-26 , Dated :26.08.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Department | WATER RESOURCES DEPARTM ENT, GOVT. OF JHARKHAND |
| 2 | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Ganga Pump Canal Division, Sahibganj |
| 3 | Name of Work | Anti Erosion work on the right bank of river Ganga near N.H.-80 at Balapokhar Maskalaiya of Taljhari block under district Sahibganj in most vulnerable stretch of 633 meter with construction of 10 nos of Stud of 18m length each @ 60M C/C with 12m Launching Appron with Edge Creting work in 120 meter length.] (Lat-25°9'25.41"N , Long-87°45'33.03"E) |
| 4 | Estimated Cost of BOQ | **489.693 lakh.** |
| 5 | Time of Completion | 300 Days |
| 6 | Cost of BOQ (Tender Fee) | Rs. 10,000.00 |
| 7 | Earnest Money required | **4.90 lakh.** |
| 8 | Date of Publication of Tender on website | 09/09/2025 |
| 9 | Bid downloading period | 10/09/2025 to 16/09/2025 |
| 10 | Last date / Time for receipt of bids online | 16/09/2025 up to 05:00 pm |
| 11 | Date and Time of Opening of Tender | 18/09/2025 at 01:00 PM |
| 12 | Contact no. of Procurement officer | 7677240428 |

Note: Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
(13) Only E tender will be accepted. Estimated cost may be changed. Earnest money will be applicable as per estimated cost.
(14) Tender Fee & Earnest money wll be accepted only in online mode in accordance to letter no. 120 dated 03.10.2023 of Ministry of Electronics and IT dept. Govt. of Jharkhand and Letter no. 907 dated 04.10.2023 of WRD Jharkhand.
(15) Additional Performance Security will be applicable for the bid rate more than 10% below of cost of BOQ acceptable in guidance of letter no 430 dated 19.11.2020 of C.E (Monitoring) WRD Jharkhand.

**Executive Engineer**
**Ganga Pump Canal Division**
**Sahibganj**

PR 360634 (Sahabganj)25-26*D

## गणेश चतुर्थी पर रायपुर होम्स का विशेष ऑफर, 1.01 लाख रुपए तक की बचत का मौका



**रायपुर।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर रायपुर की जानी-मानी रियल एस्टेट कंपनियां रायपुर होम्स और रायपुर बिल्डर अपने ग्राहकों के लिए एक विशेष उपहार लेकर आई हैं। भगवान श्री गणेश की स्थापना के साथ ही इन दोनों कंपनियों ने एक विशेष फेस्टिव ऑफर की घोषणा की है, जिसके तहत हर कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट पर 1,01,000 रुपए तक की बचत कर सकते हैं। पिछले चार वर्षों में गुणवत्ता और भरोसे का पर्याय बन चुके रायपुर होम्स और उत्कृष्ट कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए प्रसिद्ध रायपुर बिल्डर ने इस महोत्सव को और भी खास बना दिया है। कंपनी की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, स्ट्रक्चर वर्क की कीमत मात्र 950/- प्रति वर्गफुट से शुरू होगी, जबकि फिनिशिंग वर्क 1550/- प्रति वर्गफुट से आरंभ होगा। गृह निर्माण की योजना बना रहे लोगों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। सीमित अवधि के इस ऑफर में ग्राहक न केवल किफायती दरों पर निर्माण करवा सकते हैं, बल्कि उच्च गुणवत्ता की सेवाएं भी प्राप्त कर सकते हैं। रायपुर होम्स और रायपुर बिल्डर समय पर प्रोजेक्ट डिलीवरी, पारदर्शिता और ग्राहक संतुष्टि के लिए पहचाने जाते हैं। इनकी सेवाओं ने रायपुर और आसपास के क्षेत्रों में हज़ारों लोगों का विश्वास जीता है।

## गणेश उत्सव पर बोंजेलो स्वीट्स में मोदक, लड्डू पर विशेष ऑफर




**रायपुर।** गणेश उत्सव का पर्व भक्ति, आस्था और उल्लास का प्रतीक है। गणेश जी को प्रिय लड्डू, मोदक इस पर्व की खास पहचान हैं। रायपुर की प्रसिद्ध मिठाई प्रतिष्ठान बोंजेलो स्वीट्स ने इस वर्ष गणेश चतुर्थी के अवसर पर शुद्ध और स्वादिष्ट मोदक, लड्डू पर विशेष ऑफर की घोषणा की है। ऑफर के तहत 560 रु. प्रति किलो मिलने वाले लड्डू अब सिर्फ 360 रु प्रति किलो में उपलब्ध हैं। यह ऑफर 27 अगस्त से 6 सितंबर तक मान्य रहेगा। बोंजेलो स्वीट्स की पहचान शुद्धता और गुणवत्ता के लिए जानी जाती है। गणेश उत्सव के दौरान यहां हर दिन ताजा मोदक, लड्डू उपलब्ध रहते हैं, ताकि श्रद्धालु उन्हें भगवान गणेश को भोग स्वरूप अर्पित कर सकें। यह विशेष ऑफर रायपुर स्थित बोंजेलो स्वीट्स की सभी शाखाओं आमापारा, जीई रोड, फाफाडीह और न्यू राजेन्द्र नगर में उपलब्ध है। मिठाइयां आकर्षक पैकिंग में भी उपलब्ध हैं, जो उपहार स्वरूप देने के लिए उपयुक्त हैं।

### बैंक ऑफ बडौदा ने आवास ऋण पर ब्याज दर घटाई

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने वाहन और आवास ऋणों के कुछ चुनिंदा उत्पादों पर ब्याज दर में बृहस्पतिवार को 0.25 प्रतिशत की कटौती करने की घोषणा की। बैंक ने यह फैसला त्योहारी मौसम की शुरुआत होने के बीच लिया है ताकि ऋण वृद्धि को प्रोत्साहन दिया जा सके। एक बयान में कहा कि नए वाहन के लिए ऋण पर परिवर्तनशील ब्याज दर अब 8.15 प्रतिशत से शुरू होगी, जो पहले 8.40 प्रतिशत थी।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड कंपनी में काम करने हेतु सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। कर्मचारी हेतु रूम की सुविधा उपलब्ध। इंटरव्यू के लिए सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए पते पर पधारे, पता- वासु लॉजिस्टिक तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर₹ 9201835614, 7828901615.(RO-233)

**प्रचार कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर में, इलेक्ट्रानिक सामान की प्रचार कार्य करने के लिए लड़कियों की आवश्यकता है, वेतन-10,000 से 20,000 महीना योग्यतानुसार संपर्क करें:-8962274079. पता-आमापारा चौक, रायपुर (RO-6785)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में टाटा ऐस चलाने हेतु ड्राइवर एवं काम करने हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़को की संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर के पास 98271-14645, 91311-39179.(RO-236)

**कुक**

आवश्यकता है- आदर्श गर्ल्स हॉस्टल नेहरूनगर पूर्व भिलाई मेश में वेजीटेरियन खाना बनाने महिला या पुरुष कुक की आवश्यकता है आवास एवं भोजन सुविधा उपलब्ध वेतन योग्यतानुसार 94241-19112.(आरो - 661)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य के लिए लड़की एवं महिलाओं की जरूरत है । ऑफिस गर्ल - 2, मार्केटिंग गर्ल - 3, मार्केटिंग बॉय - 4, संपर्क करें - DA SPARK PVT. LTD. भाटागांव चौक ,रिंग रोड न.1, रोशन हाइट्स नियर वृन्दावन मैरिज पैलेस रायपुर 9238536535, 7049090121.(RO-6789)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन + बोनस + प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना 8770508791, 7225815090 (RO-375)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- सफ़ाई के लिए एक परिवार सुविधा रहने की बेहतरीन व्यवस्था, बिजली, पानी व सिलेंडर सहित, होलसेल गिफ्ट शॉप में नौकरी का सुनहरा मौका! 18–25 वर्ष के लड़के, 11,000/– मासिक +प्रति वर्ष वेतन वृद्धि 10:30 AM से 9:30 PM देवपुरी, रायपुर 8448107841, 9302708426. (RO-216)

**ऑफिस/पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य, माल पैकेजिंग, डिलवरी कार्य हेतु 10वी, 12वी पास युवकों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार मिले:- डुको आर्ट शादीजा कंपाउंड LIG-64, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अवंति विहार रायपुर 99932-40022.(RO-235)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**दुकान/सेल्स कार्य**

आवश्यकता है- स्टेशनरी दुकान में पेन काउंटर एवं सेल्स कार्य हेतु लड़कियों की अनुभवी को प्राथमिकता समय सुबह 10:30 से 9:00 बजे तक लक्ष्मी सेल्स स्टेशनरी गली नं.1 विनार बार के बाजू जयस्तंभ चौक, रायपुर फोन 0771-4263621, 9685431345. (RO-6787)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक व्यक्ति अपने बायोडाटा सहित सम्पर्क करे:- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड, रायपुर मो. 8109135400.(RO-765)

**पार्सल कार्य**

आवश्यकता है- श्रीमारूति कोरियर ऑफिस में लड़कियों एवं डाक-पार्सल बांटने बाइकर लडके चाहिए। श्रीमारूति कोरियर, रिंगरोड-1, कालीमाता मंदिर के आगे, कुशालपुर, रायपुर, बायोडाटा भेजे 9399676408.(RO-232)

**इंजीनियर/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- नंदनी (भिलाई) स्टील फेब्रिकेशन प्लांट हेतु, 5-फैब्रिकेटर, 5-प्रोडक्शन, 5-क्वालिटी, इंजीनियर, 4-सुपरवाइजर, ऑफिसस्टाफ, 2-इलेक्ट्रीशियन, 5-ठेकेदार, कैंटीन कुक/ ठेकेदार (खाने रहने की सुविधा है) संपर्क करें -91315-34571, 97111-15583 (आरो न.- 7196)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- उरला क्षेत्र में 22 फीट 12 टन वाली लीलैंड गाड़ी चलाने हेतु कुशल ड्राइवर की आवश्यकता है। कम से कम 5 वर्ष अनुभव,लोकल को प्राथमिकता वेतन - 18000/- + भत्ता 200 ,कार्य समय 10 से 8 बजे संपर्क :- क्लासिक स्पार्कलर्स फाफाडीह चौक रायपुर 9329425583.(RO-767)

**सफाई कर्मचारी**

आवश्यकता है- सफाई कर्मचारी नियुक्तिः चंदखुरी रायपुर कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाड़ू लगाना, बर्तन, कपड़े धोने का काम है वेतन रू. 10,000/- खाने रहने की सुविधा. नशेड़ी संपर्क न करें- मो. 7225888800.(RO-6992)

**फीमेंल पार्लर स्टॉफ**

आवश्यकता है- फीमेल स्टाफ चाहिए ट्रेनी पार्लर में काम करने के लिए जिसको पूरा पार्लर में काम करने की पूरी जानकारी हो फ्रेशर/ अनुभवी दोनो चलेंगें पता- अमलीडीह महावीर नगर रायपुर में संपर्क करें - 9301151523 (RO-6786)

**टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड कंपनी में काम करने हेतु तेलुगु/ कन्नड/ तमिल बोलने वाली टेली कॉलर की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। कर्मचारी हेतु रूम की सुविधा उपलब्ध। इंटरव्यू के लिए सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए पते पर पधारे, पता- वासु लॉजिस्टिक तेंदुआ रिंग रोड नं–4, रायपुर₹ 9201835614, 7828901615.(RO-234)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**अन्य**

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-790 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+56500 ) पढ़ाई (8वी से स्नातक ) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)- 7054311719 (RO-1125)

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार,लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 9654778825.(RO-1123)

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Name, Address, Qualification, Call/ WhatsApp/ SMS करें- 07295935703. (RO-1121)

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457. (RO-1113)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8873762120 (RO-589)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - प्लॉट बेचना है, कुल क्षेत्रफल 6620 SF, फ्रंटः 68 फीट ग्राम टेमरी, मानाकैंप के पास VIP रोड़ रायपुर संपर्क करे 6266858527, 7697600942, 6264715476.(RO-6784)

प्लॉट बेचना है - सड़क चिड़चारी, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव, नेशनल हाइवे 6 से मात्र लगभग 100 मीटर अंदर प्लॉट बेचना है। राईस मिल एवं अन्य कार्य के लिए उपयुक्त। संपर्क- 9229200009.(RO-766)

**मशीन**

बेचना है- # एयर कंप्रेसर ३ एच. पी. # पैकिंग मशीन (न्यूमेटिक, कप फिलर) # मिक्सिंग हंडा # नाइट्रोजन प्लांट रनिंग कंडीशन संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 8357899730.(RO-240)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**RAIPUR SMART BUSINESS**

**ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-**

GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड
CMA DATA | BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT

हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

क्या आप देना चाहते है...
अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह"
तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad.
6263818152

**Healthcare**

**इसे जरूर पढ़िये और समझिये**

- इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए।
- क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. (HIV. AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं।
- क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं।
- क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसेः शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि।

ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। नीम हकिमो से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्नुनो थैरिपी पर आधारित केवल रस -रसायन में ही हैं।

[illegible]

सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659
9617789223, 9303242200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

## खबर संक्षेप



### इंटर मियामी ने ओरलैंडो सिटी को हराया

**फोर्ट लॉडरडेल।** अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने वापसी के साथ दो गोल किए, जिसकी मदद से इंटर मियामी ने ओरलैंडो सिटी को 3-1 से हराकर लीग्स कप फाइनल में प्रवेश कर लिया। इंटर मियामी का सामना रविवार को एलए गैलेक्सी और सीएटल के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे मेस्सी ने दो सप्ताह में दूसरी बार वापसी की है। ओरलैंडो के लिए मार्को पासालिक ने एकमात्र गोल किया।

### क्वार्टर फाइनल नहीं खेल पाएंगे जुरेल और ईश्वरन



**बेंगलुरु।** मध्य क्षेत्र के कप्तान ध्रुव जुरेल और पूर्वी क्षेत्र के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन बुखार और ग्रोइन की चोट के कारण दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से बाहर रहेंगे। ईश्वरन के नहीं खेलने से पूर्वी क्षेत्र को करारा झटका लगा है, जिसका सामना पूर्वी क्षेत्र से होना है। तेज गेंदबाज आकाश दीप और विकेटकीपर ईशान किशन वैसे ही टीम में नहीं हैं। ईश्वरन के नहीं खेलने से असम के हरफनमौला रियान पराग को कप्तानी सौंपी गई है। समझा जाता है कि एशिया कप के लिए भारत के स्टैंडबाय खिलाड़ियों में शामिल जुरेल को कल चोट लगी और उन्हें मैच से बाहर रहने की सलाह दी गई है।

### डीपीएल: प्लेआफ में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने वर्षाबाधित मैच में पुरानी दिल्ली 6 को आठ विकेट से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया। बारिश के कारण मैच सात ओवर प्रति टीम कर दिया गया था। आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर सुपरस्टार्स ने जीत दर्ज करके दो अंक अर्जित किए। जीत के लिए 134 रन के लक्ष्य के जवाब में तेजस्वी दहिया और अनमोल शर्मा ने अर्धशतक जमाए। दोनों ने 5.5 ओवर में 122 रन की साझेदारी की। तेजस्वी 21 गेंद में 69 रन बनाकर आउट हुए जबकि शर्मा ने 17 गेंद में नाबाद 56 रन बनाए।

## नोवाक ने चार सेट में जीता दूसरा मुकाबला

# 19वीं बार यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे जोकोविच, फेडरर को छोड़ा पीछे

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका में जारी साल के आखिरी यूएस ओपन 2025 ग्रैंडस्लैम में सर्बिया के नोवाक जोकोविच कुछ खास रंग में नजर नहीं आ रहे हैं। बिना फॉर्म के भी जोकोविच ने पहले दो राउंड के मुकाबले जीते और तीसरे दौर में जगह बना ली है।

दूसरे राउंड में जोकोविच का सामना 145वीं रैंक के खिलाड़ी ज़ाचारी वाजदा से था। लेकिन उनसे भी जोकोविच पहला सेट हार गए थे लेकिन फिर वापसी करते हुए चार में तीन सेट जीतकर जोकोविच ने मैच को अपने नाम कर लिया। जोकोविच इस जीत के साथ ही रिकॉर्ड 19वीं बार यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गए और रोजर फेडरर को पीछे छोड़ दिया।

**जोकोविच ने तीसरे राउंड में रखा कदम**

दुनिया में सबसे अधिक 24 ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम कर चुके नोवाक जोकोविच जुलाई माह में विंबलडन सेमीफाइनल हारने के बाद पहली बार खेल रहे हैं। उन्होंने दूसरे राउंड में अमेरिका के ज़ाचारी वाजदा को 6-7, 6-3, 6-3, 6-1 से हराया। अब तीसरे राउंड में नोवाक जोकोविच का सामना ब्रिटेन के कैम नौरी से होगा, जिनको वह छह बार हरा चुके हैं। वहीं ब्रिटेन के कैम नोरी की बात करें तो वह अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को कोमेसाना को 7-6 (5), 6-3, 6-7 (0), 7-6 (4) से हराकर तीसरे दौर में आ चुके हैं।



### टाउनसेंड और ओस्टापेंको की कोर्ट पर तीखी बहस

वहीं टेलर टाउनसेंड और येलेना ओस्टापेंको की कोर्ट पर तीखी बहस हो गई। युगल में नंबर एक अमेरिका के टाउनसेंड ने दूसरे दौर का मुकाबला 7-5, 6-1 से जीता। इसके बाद उन्होंने कहा कि 2017 फ्रेंच ओपन चैंपियन लाटविया की ओस्टापेंको ने उन्हें कहा कि उनमें 'क्लास' नहीं है और वह पढ़ी लिखी भी नहीं हैं। वहीं पिछले साल सेमीफाइनल तक पहुंचे पांचवीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने चोट के कारण नाम वापिस ले लिया। 12वीं रेंकिंग वाले कैस्पर रुड को बेल्जियम के रफेल कोलिंगनन ने 6-4, 3-6, 3-6, 6-4, 7-5 से मात दी।

### सबालेंका ने तीसरे दौरे में बनाई जगह



आर्यना सबालेंका ने यूएस ओपन के तीसरे दौरे में जगह बना ली है। सबालेंका ने पोलिना कुडेरमेतोवा को हराकर तीसरे दौरे में जगह बनाई। सबालेंका ने दूसरे दौर के मैच में गैर-वरीयता प्राप्त पोलिना कुडेरमेतोवा को 7-6(4), 6-2 से हराया। पहले सेट में जीत के लिए सबालेंका को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन दूसरा सेट उन्होंने आसानी से जीता। दूसरे सेट में पोलिना कुडेरमेतोवा ने घुटने की चोट के इलाज के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया था। सबालेंका का अगला मुकाबला 31वीं वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज से होगा, जिन्होंने फ्रांस की एल्सा जैक्वेमोट को 6-2, 3-6, 6-2 से हराया।



### अल्काराज की दूसरे दौर में आसान जीत

दूसरी वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने डेढ़ घंटे से अधिक चले दूसरे दौर में मैच में इटली के 65वीं रैंकिंग वाले मात्तिया बेलूची को 6-1, 6-0, 6-3 से हराकर अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया । अल्काराज इस टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, जिन्होंने अपना सिर मुंडवा रखा है। उनके भाई ने उनके बालों से छेड़खानी की तो उन्होंने सारे बाल ही कटवा लिए। पांच बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज ने पहला खिताब यहीं पर 2022 में जीता था।

### पाओलिनी ने दूसरे दौर में इवा जोविक को हराया



सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में दूसरे दौर के मुकाबले में गैर-वरीयता प्राप्त अमेरिकी इवा जोविक को 6-3, 6-3 से हराया। पाओलिनी ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बनाई। लेकिन, जोविक ने वापसी करते हुए तीन बार ब्रेक पॉइंट हासिल किए, लेकिन वे इसे भुना नहीं पाईं। दो गेम बाद जोविक को दो और ब्रेक पॉइंट मिले, लेकिन वह इसका फायदा भी नहीं उठा सकीं। पाओलिनी ने सेट 6-3 से अपने नाम किया। दूसरा सेट भी पाओलिनी ने 6-3 से अपने नाम किया। विश्व की आठवें नंबर की खिलाड़ी पाओलिनी का सामना तीसरे दौरे में 32वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी मैककार्टनी केसलर से होगा।

## बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप : सिंधु ने अंतिम 8 में बनाई जगह, वर्ल्ड नंबर-2 खिलाड़ी को दी मात

**झी यी वांग को सीधे सेटों में हराकर महिला सिंगल्स में जगह की पक्की**

एजेंसी ▶▶ पेरिस

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में 28 अगस्त को भारत की स्टार बैडमिंटन प्लेयर पीवी सिंधु का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। पीवी सिंधु ने चीन की वर्ल्ड नंबर-2 खिलाड़ी झी यी वांग को सीधे सेटों में मात देने के साथ महिला सिंगल्स के अंतिम 8 में अपनी जगह को पक्की कर ली है। सिंधु के लिए ये काफी बड़ी जीत भी है क्योंकि उन्होंने साल 2019 में इस खिताब को जीता था तो वहीं साल 2021 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्की करने में कामयाब हो पाई हैं।




### नहीं गंवाया एक भी सेट

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में पीवी सिंधु के फॉर्म का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अब तक तीन मैच टूर्नामेंट में खेले हैं, जिसमें एक भी सेट में उन्हें मात नहीं मिली है। अब पीवी सिंधु 29 अगस्त को क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलने उतरेंगी, जिसमें उनका सामना वर्ल्ड नंबर-9 रैंकिंग खिलाड़ी इंडोनेशिया की कुसुमा वर्दानी से होगा। कुसुमा का फॉर्म सिंधु के मुकाबले इस साल काफी देखने को मिला है, जिसमें उन्होंने जहां 27 मैच जीते हैं तो वहीं सिंधु सिर्फ 9 मुकाबलों में जीत हासिल करने में कामयाब हो पाई हैं।

## डायमंड लीग : खिताब से चूके चोपड़ा, रहे दूसरे स्थान पर

एजेंसी ▶▶ ज्यूरिख

डायमंड लीग 2025 का फाइनल मुकाबला ज्यूरिख में खेला गया। छह राउंड में नीरज चोपड़ा का सबसे बेस्ट थ्रो 85.01 मीटर का रहा लेकिन वह दूसरी बार इस खिताब को जीतने से चूक गए। नीरज इस दौरान संघर्ष करते नजर आए, लेकिन 85.01 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो से दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, जर्मनी के जूलियन वेबर ने 91.51 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ शीर्ष पर रहकर खिताब अपने नाम किया। नीरज 2022 में डायमंड लीग की ट्रॉफी अपने नाम कर चुके हैं, लेकिन 2023 और 2024 के बाद इस वर्ष भी वह उपविजेता रहे। जर्मनी जूलियन वेबर 91.51 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ खिताब अपने नाम करने में सफल रहे।

**फाइनल में प्रदर्शन**

| | |
|---|---|
| पहला प्रयास | **84.35** मीटर |
| दूसरा प्रयास | **82.00** मीटर |
| तीसरा प्रयास | फाउल |
| चौथा प्रयास | फाउल |
| पांचवां प्रयास | फाउल |
| छठा प्रयास | **85.01** मीटर |



**छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक)**
**शाखा शारदा चौक, रायपुर, (छ.ग.)**

छ.ग./मुख्या./रायपुर/ऋण/852 — **आम सूचना** — दिनांक 27/08/2025

एतद् द्वारा निम्नलिखित कालम 2 एवं 3 में वर्णित ऋणी / संपत्ति के बंधनकर्ता जो कि छ0ग0 राज्य सहकारी बैंक मर्या. शारदा चौक, रायपुर से ऋण प्राप्त किये है, को सूचना दी जाती है कि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन वर्णित प्रावधानों व नियमों के अंतर्गत बैंक ने ऋण बकाया राशि की अदायगी/जमा करने हेतु कालम-5 में वर्णित तिथि को मांग की सूचना पत्र प्रेषित कर कालम-6 में वर्णित राशि की मांग की गई थी। जिसमें ऋणी/जमानतदार संपत्ति के बंधनकर्ता के द्वारा ऋण की अदायगी में असफल / चूक होने पर कालम-4 में वर्णित संपत्तियों को कालम-7 में लिखित तिथि को बैंक ने अपने कब्जे (Possession) में ले लिया है, बैंक नीचे दर्शित ऋणी एवं संपत्ति के बंधनकर्ता को ऋण के अदायगी (Repayment) हेतु एक अंतिम अवसर प्रदान करती है कि वे ऋण की शेष / बकाया राशि को इस प्रकाशन की तिथि से लेकर 30 दिन के भीतर अवश्य ही जमा कर देवें। इसके पश्चात भी ऋण की अदायगी नहीं होने पर बैंक आगे चलकर कालम-4 वर्णित संपत्ति के बिक्री की प्रक्रिया प्रारंभ करेगी। अतः इस सूचना से अवगत होवें।

अतः विशेषकर ऋणी ऋणियों एवं जमानतदार/जमानतदारों एवं सामान्य में आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध लिखी गई संपत्ति/संपत्तियों बैंक के अधीन (Charge) में है। जिसके ऊपर कोई भी लेन-देन के संव्यवहार न करें। बैंक के जानकारी के बगैर लेन-देन करने के लिये बैंक उत्तरदायी नहीं होगा तथा वह अवैध व शून्य मान्य होगी।

अतः बैंक द्वारा प्रदत्त इस अंतिम अवसर का लाभ ऋणी/संपत्ति बंधनकर्ता अवश्य ही लेवें एवं अप्रिय स्थिति निर्मित होने से बचें।

| क्रं. | ऋणी का नाम एवं पता | अचल संपत्ति के बंधनकर्ता का नाम एवं पता | अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण | सिक्यूरटाईजेशन एक्ट की धारा 13(2) के अंतर्गत ऋण की बकाया राशि का मांग करने की तिथि | ऋण की बकाया राशि | बैंक द्वारा अपने कब्जे में लेने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्रीमती सुनिता विश्वकर्मा पति श्री गोपाल विश्वकर्मा एवं गोपाल विश्वकर्मा पिता श्री दुखित राम विश्वकर्मा शिव विहार कॉलोनी तिवारी बंगला के सामने शाश्वत नगर, बोरियाखुर्द, रायपुर (छ.ग.) | श्रीमती सुनिता विश्वकर्मा पति श्री गोपाल विश्वकर्मा एवं गोपाल विश्वकर्मा पिता श्री दुखित राम विश्वकर्मा शिव विहार कॉलोनी तिवारी बंगला के सामने शाश्वत नगर, बोरियाखुर्द, रायपुर (छ.ग.) | खसरा नं.264/82, प.ह.नं. 71, रकबा 640.6 वर्गफुट, बोरियाखुर्द, वार्ड क्रं.52 चंद्रशेखर आजाद वार्ड रायपुर रायपुर (छ.ग.) | 20.05.2025 | 03.05.2025 पर ब्याज सहित कुल देय राशि 19,81,312.00/- एवं भविष्य में लगने वाला ब्याज एवं अन्य व्यय | 18.08.2025 |

स्थानः-रायपुर, दिनांकः- 27.08.2025

प्राधिकृत अधिकारी
छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्या, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक)**
**शाखा शारदा चौक, रायपुर, (छ.ग.)**

छ.ग./मुख्या./रायपुर/ऋण/853 — **आम सूचना** — दिनांक 27/08/2025

एतद् द्वारा निम्नलिखित कालम 2 एवं 3 में वर्णित ऋणी / संपत्ति के बंधनकर्ता जो कि छ0ग0 राज्य सहकारी बैंक मर्या. शारदा चौक, रायपुर से ऋण प्राप्त किये है, को सूचना दी जाती है कि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन वर्णित प्रावधानों व नियमों के अंतर्गत बैंक ने ऋण बकाया राशि की अदायगी/जमा करने हेतु कालम-5 में वर्णित तिथि को मांग की सूचना पत्र प्रेषित कर कालम-6 में वर्णित राशि की मांग की गई थी। जिसमें ऋणी/जमानतदार संपत्ति के बंधनकर्ता के द्वारा ऋण की अदायगी में असफल / चूक होने पर कालम-4 में वर्णित संपत्तियों को कालम-7 में लिखित तिथि को बैंक ने अपने कब्जे (Possession) में ले लिया है, बैंक नीचे दर्शित ऋणी एवं संपत्ति के बंधनकर्ता को ऋण के अदायगी (Repayment) हेतु एक अंतिम अवसर प्रदान करती है कि वे ऋण की शेष / बकाया राशि को इस प्रकाशन की तिथि से लेकर 30 दिन के भीतर अवश्य ही जमा कर देवें। इसके पश्चात भी ऋण की अदायगी नहीं होने पर बैंक आगे चलकर कालम-4 वर्णित संपत्ति के बिक्री की प्रक्रिया प्रारंभ करेगी। अतः इस सूचना से अवगत होवें।

अतः विशेषकर ऋणी ऋणियों एवं जमानतदार/जमानतदारों एवं सामान्य में आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध लिखी गई संपत्ति/संपत्तियों बैंक के अधीन (Charge) में है। जिसके ऊपर कोई भी लेन-देन के संव्यवहार न करें। बैंक के जानकारी के बगैर लेन-देन करने के लिये बैंक उत्तरदायी नहीं होगा तथा वह अवैध व शून्य मान्य होगी।

अतः बैंक द्वारा प्रदत्त इस अंतिम अवसर का लाभ ऋणी/संपत्ति बंधनकर्ता अवश्य ही लेवें एवं अप्रिय स्थिति निर्मित होने से बचें।

| क्रं. | ऋणी का नाम एवं पता | अचल संपत्ति के बंधनकर्ता का नाम एवं पता | अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण | सिक्यूरटाईजेशन एक्ट की धारा 13(2) के अंतर्गत ऋण की बकाया राशि का मांग करने की तिथि | ऋण की बकाया राशि | बैंक द्वारा अपने कब्जे में लेने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्रीमती नेहा निर्मलकर पति श्री सुनील निर्मलकर एवं श्री सुनील निर्मलकर पिता श्री मुकेश निर्मलकर फ्लैट नं. 104, प्रथम तल शांति एन्क्लेव मंजीत हाईट्स के पास,रायपुरा, रायपुर (छ.ग.) | श्रीमती नेहा निर्मलकर पति श्री सुनील निर्मलकर एवं श्री सुनील निर्मलकर पिता श्री मुकेश निर्मलकर फ्लैट नं. 104, प्रथम तल शांति एन्क्लेव मंजीत हाईट्स के पास,रायपुरा, रायपुर (छ.ग.) | बहुमंजिला आवासीय परिसर खसरा नं.678/3, 678/4, 680/2 का भाग प.ह.नं. 104/57, फ्लैट नं.बी.104, प्रथम तल, शांति एन्क्लेव, मंजीत हाईट्स के पास सुपर बिल्डअप एरिया 815वर्गफुट वार्ड नं.68,माधव राव सप्रे वार्ड,रायपुरा रायपुर (छ.ग.) | 20.05.2025 | 16.05.2025 पर ब्याज सहित कुल देय राशि 25,59,718.00/- एवं भविष्य में लगने वाला ब्याज एवं अन्य व्यय | 18.08.2025 |

स्थानः-रायपुर
दिनांकः- 27.08.2025

प्राधिकृत अधिकारी
छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्या, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

### आज से पीकेएल का आगाज भिड़ेंगी टाइटंस और थलाइवाज

**विशाखापत्तनम।** स्थानीय टीम पसंदीदा तेलुगु टाइटन्स शुक्रवार को शुरू होने वाले प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सत्र के पहले मैच में तमिल थलाइवाज से भिड़ेगी। यह लीग सात वर्षों के अंतराल के बाद इस शहर में वापसी कर रही है। बेंगलुरु बुल्स और पुणेरी पल्टन के बीच दिन का दूसरा मैच विश्वनाथ स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। नए सत्र से पहले पीकेएल के 12 कप्तानों ने भारतीय सशस्त्र बलों के सम्मान में आईएनएस कुरसुरा का दौरा किया। यह एक पनडुब्बी है जिसने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भाग लिया था। पीकेएल का पहला चरण यहां 29 अगस्त से 11 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसके बाद यह लीग जयपुर (12 सितंबर से 28 सितंबर), चेन्नई (29 सितंबर से 10 अक्टूबर) और नई दिल्ली (11 अक्टूबर से 23 अक्टूबर) में आयोजित की जाएगी।

### अमेरिकी ओपन : भांबरी बोपन्ना उतरेंगे कोर्ट में

**न्यूयॉर्क।** भारत के नंबर एक युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और अनुभवी रोहन बोपन्ना सत्र के अंतिम ग्रैंडस्लैम अमेरिकी ओपन में देश की चुनौती की अगुआई करेंगे। भांबरी न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ जोड़ी बनाएंगे जबकि बोपन्ना के जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो होंगे। भांबरी और वीनस को 14वीं वरीयता मिली है। उनका सामना मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की जोड़ी से होगा, जो मजबूत एकल खिलाड़ी भी हैं। वहीं बोपन्ना और अर्नेडो अपने अभियान की शुरुआत रॉबर्ट कैश और जेजे ट्रेसी की अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ करेंगे। अर्जुन काधे अपने इक्वाडोर के जोड़ीदार डिएगो हिडाल्गो के साथ खेलेंगे। इस जोड़ी का सामना अल साल्वाडोर और क्रोएशिया के मेट पाविच की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।

।। साहेब बंदगी ।।

**वार्षिक श्राद्ध (बरसी)**





जन्मतिथि
12.05.1952

स्वर्गवास
09.09.2024

मेरी धर्मपत्नी **स्व. श्रीमती कमला देवी साहू**

का वार्षिक श्राद्ध (बरसी) कार्यक्रम रखा गया है। दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करने हेतु आप सहपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

**कार्यक्रम**

**दिनांक - 29.08.2025, दिन-शुक्रवार**
**चौका आरती - सुबह 10 बजे से**
**महंत श्री त्रिलोकी दास साहेब**
(पोटियाडीह, धमतरी वाले द्वारा)
**शांति भोज - दोपहर 12 बजे से**

**स्थान : ग्राम व पो. पाउवारा, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)**

:: श्रद्धानवत ::
**समस्त चौधरी परिवार**
:: विनीत ::
**ताम्रध्वज साहू (पति)**
(पूर्व गृह मंत्री, छ.ग. शासन)

(ग्राम-पाउवारा-उतई से अंडा मार्ग पर 7 कि.मी.) (दुर्ग से बोरसी-हनोदा-पाउवारा 12 कि.मी.)

**मो.नं. : 94252-11242, 94252-45876, 97701-62655**

नोट : कृपया जिन्हे सूचना ना मिली हो, इसे सूचना मानें।

MATS UNIVERSITY ready for life.......

# MATS UNIVERSITY

NAAC GRADE A+ ACCREDITED UNIVERSITY

CHHATTISGARH'S FIRST AND ONLY STATE PRIVATE UNIVERSITY ACCREDITED WITH A+ GRADE BY NAAC

The Only State Private University with
REGULAR, DISTANCE & ONLINE EDUCATION Provision in Chhattisgarh

## ADMISSIONS OPEN 2025-26

### OPEN AND DISTANCE LEARNING PROGRAMS

B.A. | B.Com. | B.B.A. | B.C.A. | M.A.English
M.Com. | B.Lib.I.Sc. | DCA | PGDCA

website : www.matsodl.com | Contact Toll Free : 8152029999

### ONLINE PROGRAMS - UGC Entitled

- Learn Anytime, Anywhere
- Flexible & Affordable
- Industry Ready Courses Designed For Real Careers
- Advance Without Pause : No Need To Quit Your Job!

M.B.A. | M.C.A. | B.B.A. | B.C.A. | B.Com.
DCA | PGDCA

website : www.matsuniversityonline.com | Contact Toll Free : 8152079999

### REGULAR PROGRAMS

Management | Engineering | Law | Pharmacy | Science
Psychology | Information Technology | Commerce
English | Hindi | Education | Physical Education
Fashion Design | Library Science | Social Work

### PH.D. ENTRANCE EXAM NOTIFICATION

It is hereby notified that the Ph.D. Entrance Exam for September 2025 Batch shall be conducted on 1st September, 2025 for the programs as mentioned below:

**Ph.D. Programs**

Chemistry/ Biotechnology/ Microbiology/ Yoga/ Biochemistry/ Bio Science/ Hindi/ Education/ English/ Management/ Psychology/ Library & Information Science
Computer Science & Application/ Commerce/ Forensic Science/ Fashion Designing/ Mathematics/ Physical Education/ Law/ Social Work
Engineering : (Mechanical/ Computer Science/ Civil/Electrical/ Electronics & Communication/ Applied Geology )

For Registration & Information please visit
www.matsuniversity.ac.in
or call +91 93002 09515/ 0771-4078995

Date of Entrance Exam : 01-09-2025
Time of Written Examination : 11:00 A.M. to 01:00 P.M.
Time of Interview : 02:00 P.M. to 05:00 P.M.

EXAMINATION CENTRE
Raipur Campus, MATS Tower
Pandri, Raipur - 492 004 (C.G.)



FOR DETAILS CALL : 1800 123 819999

ADMISSION OFFICE : RAIPUR CAMPUS, MATS TOWER, PANDRI, RAIPUR, CG, 492 004
UNIVERSITY CAMPUS : AARANG KHARORA HIGHWAY, AARANG, RAIPUR, CG, 493 441
Tel : 0771 4078995, 96, 98 Mob: 9109951184, 9755199381, 9109994500 Web: www.matsuniversity.ac.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com